

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



चांदीपुरा वायरस का संक्रमण है खतरनाक......



जब रेनी सीजन में हो बार बार जुकाम...........

वर्ष : 10 | अंक : 240 | लखनऊ, 09 अगस्त, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# योगी आदित्यनाथ ने एंटी रोमियो स्क्वाड दलों को फिर से सक्रिय करने का दिया निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एंटी रोमियो स्क्वाड दलों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को जिले के शीर्ष 10 अपराधियों की सूची पुलिस थानों में प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। अयोध्या के दो दिवसीय दौरे के बाद अंबेडकर नगर के अपने एक दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री ने जिले में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक की। भयमुक्त वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जिला स्तर के अधिकारियों को जन सुनवाई और संवाद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बाद में यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, आगामी चुनाव भाजपा के विकास एजेंडे और विपक्ष के विनाशकारी प्रचार के बीच मुकाबला है। राज्य में 10 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। अभी तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। प्रस विज्ञप्ति के अनुसार, आदित्यनाथ ने विपक्ष की जाति के आधार पर समाज को बांटने और झूठी अफवाहें फैलाने की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, विपक्ष उपचुनावों के दौरान जनता को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया और अन्य मंचों का उपयोग कर सकता है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सक्रियता से लोगों से जुड़ें और विपक्ष के दुष्प्रचार को हर मंच से दूर करें। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाएं और उनसे संवाद करें।

## जनपद के टॉप 10 अपराधियों की सूची थाने में लगाएं

### भू-माफिया के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई: सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अंबेडकरनगर/ लखनऊ। दो दिवसयीय अयोध्या दौरे के बाद एक दिवसीय दौरे पर अम्बेडकर नगर पहुंचे सीएम योगी ने जनपद में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में कहा कि जनपद के टॉप 10 अपराधियों की सूची थानों में लगाई जाए। साथ ही नकल, पशु, खनन और भू-माफिया आदि पर प्रभावी कार्रवाई करें। जनपद में भय मुक्त वातावरण बनाए रखें, महिलाओं की सुरक्षा पर शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए एंटी रोमियो स्क्वाड टीम को पुनः क्रियाशील करें। जनपद स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई- संवाद सुनिश्चित करें। आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की जाय। उन्होंने कहा कि त्रिनेत्र अभियान का सफल क्रियान्वयन करते हुए प्रत्येक निकाय एवं ग्राम पंचायत पर इसे पहुंचाना एवं जोड़ना है। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में सीएम योगी ने मेडिकल कॉलेज की कार्य पद्धति को ठीक करने व नियमित समीक्षा करने और जिन तहसीलों में अग्निशमन केंद्र नहीं है, वहां का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ की तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करें बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों /परिवारों को दी जाने वाली राहत सामग्री की क्वांटिटी तथा क्वालिटी में किसी प्रकार की कंप्रोमाइज ना करें। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय ध्वज को प्रत्येक घर पर फहराया जाए इससे स्वयंसेवी संगठनों आदि को भी जोड़ा जाए तथा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 9 अगस्त 2024 को समारोह पूर्वक मनाया जाए।

# जेल में बंद दिल्ली सीएम के लिए उमड़ रही हमदर्दी



● बेटे आदित्य के साथ केजरीवाल की पत्नी और माता-पिता से मिले उद्धव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जो वर्तमान में अपने राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया ब्लॉक नेताओं के साथ बैठक के लिए दिल्ली में हैं, ने गुरुवार (8 अगस्त) को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। उनकी मुलाकात का विवरण आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया गया, जिसमें देखा जा सकता है कि सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली में अपने आवास पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख का गर्मजोशी से स्वागत किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री के माता-पिता से भी उनका परिचय कराया। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने इस बात का संकेत दिया कि वह अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की तरफ से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनने के लिए तैयार हैं।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 43.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफटी | 24,834.85 |

# दिल्ली में बारिश से जलभराव, यातायात हुआ प्रभावित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के कई हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात बाधित हुआ। मयूर विहार मौसम केंद्र ने अपराह्न ढाई बजे से शाम साढ़े बजे के बीच 46 मिमी बारिश दर्ज की। शहर के तीन अन्य मौसम केंद्रों - नजफगढ़, लोधी रोड और सफदरजंग (मुख्य मौसम वेधशाला) ने क्रमशः 26 मिमी, 20.4 मिमी और 12 मिमी बारिश दर्ज की। अलग-अलग इलाकों से आ रही तस्वीरों में सड़कों पर पानी भरा हुआ नजर आया और यात्री पानी के बीच से होकर अपने गंतव्य की ओर जाते दिखे। कई इलाकों में भारी जलभराव देखा गया, जिससे जाम लग गया। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास जलभराव के कारण अणुव्रत मार्ग पर दोनों ओर यातायात प्रभावित हुआ है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इस मार्ग से बचें और अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं। सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट में पुलिस ने कहा कि ढांसा और बहादुरगढ़ बस स्टैंड पर जलभराव के कारण नजफगढ़ फिरनी रोड पर यातायात प्रभावित हुआ। महरौली-बदरपुर रोड पर हमदर्द टी-पॉइंट से खानपुर टी-पॉइंट की ओर जाने वाले मार्ग पर भी जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हुआ।

# एक-दूसरे की बैसाखी के सहारे आगे बढ़ना चाहते हैं कांग्रेस-सपा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को बैसाखी का सहारा देने वाले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अब हरियाणा और महाराष्ट्र में अपनी पार्टी को खड़ा करने के लिये कांग्रेस से बैसाखी का सहारा मांग रहे हैं। इसी गिव एंड टेक फामूर्ले के चलते सपा और कांग्रेस की दोस्ती में खटास नजर आने लगी है, जिसके चलते अभी तक यूपी की 10 विधान सभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव के लिये सीटों कें बंटवारें को सपा-कांग्रेस में सहमति नहीं बन पाई है, जबकि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव में भी यह दोस्ती जारी रखने के लिए दोनों दलों के नेताओं के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, पर अभी तक अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। कांग्रेस जहां यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनावों में हिस्सेदारी चाहती है, वहीं समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र व हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से अपने लिये कुछ सीटें मांगी है। महाराष्ट्र व हरियाणा में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के समय ही यूपी विधानसभा के लिये भी उपचुनाव होने हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि यूपी 10 सीटों के लिये उपचुनाव इन दोनों राज्यों के विस चुनाव के साथ अक्टूबर में होंगे। यूपी में करहल, सीसामऊ, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, और मीरापुर में उपचुनाव होने हैं। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस यूपी में दो सीटों पर उपचुनाव लड़ना चाहती है। इस बारे में दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच कई राउंड की वार्ता भी हो चुकी है। सपा से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव और कांग्रेस से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व महासचिव केसी वेणुगोपाल इस वार्ता में शामिल रहे थे। वहीं समाजवादी पार्टी ने हरियाणा में पांच और महाराष्ट्र में 12 सीटों पर दावा ठोका है, लेकिन दोनों राज्यों में कांग्रेस ने अभी कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। इसी बीच हरियाणा के कांग्रेस नेताओं ने विवादित बयान भी दिया है कि उनके यहां सपा का कोई भी जनाधार नहीं है। इस पर यूपी में भी सपा जवाबी मूड में आ गई है। सपा नेताओं का कहना है कि वर्ष 2022 के यूपी विस चुनाव में अधिकतर सीटों पर कांग्रेस की जमानत जब्त हुई थी। उसका वोट प्रतिशत भी 6.25 से गिरकर 2.35 प्रतिशत पर पहुंच गया था। ऐसे देखा जाए तो यहां भी कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं है। सपा सूत्रों के मुताबिक अगर कांग्रेस अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में उन्हें हिस्सेदारी नहीं देगी, तो एवज में यहां भी उसे सपा सीटों की उम्मीदें नहीं करना चाहिए। यह बात कांग्रेस नेतृत्व को स्पष्ट तौर पर बता दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग सेंटर मामले की मजिस्ट्रेट जांच में एमसीडी, अग्निशमन विभाग पर जानबूझकर कदाचार का आरोप लगाया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत होने के मामले की मजिस्ट्रेट जांच में पता चला है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और अग्निशमन विभाग ने कई कानूनों का बदनीयत से उल्लंघन किया है। राजस्व मंत्री को बुधवार को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि राऊज आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक और प्रबंधन भी छात्रों के जीवन की परवाह किए बिना बेसमेंट का खतरनाक तरीके से दुरुपयोग कर आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार हैं। दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित इस कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा के तीन आकांक्षियों-उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन की डूबने से मौत हो गई थी। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे ये विद्यार्थी बेसमेंट में बने पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे थे जिसमें पानी भर जाने से उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट से पता चला कि इमारत में नियमों के उल्लंघन की एमसीडी और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को पहले से जानकारी दी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। जिला मजिस्ट्रेट (मध्य) द्वारा की गई जांच से पता चला कि जिस इमारत में कोचिंग सेंटर संचालित किया जा रहा था, उसके पास कार्यालय/व्यावसायिक उपयोग की अनुमति थी, जिसके लिए आग संबंधी किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की आवश्यकता नहीं थी।

# मछुआरों के प्रतिनिधिमंडल से राहुल गांधी ने की मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद भवन के स्वागत कक्ष में देशभर से आए मछुआरों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बताया जाता है कि प्रतिनिधिमंडल को प्रवेश पास जारी नहीं किए गए थे। इसके अलावा उन्होंने भोजन के अधिकार अभियान के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इससे पहले उनके साथ मौजूद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया था कि छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल अभी तक संसद में प्रवेश नहीं कर पाया है और न ही विपक्ष के नेता से मिल पाया है। राहुल गांधी उनसे मिलने जा रहे हैं, क्योंकि उनका 'भारत जोड़ो' का संकल्प जारी है।

इससे पहले राहुल गांधी ने मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और कर्ज से मुक्ति के लिए सरकार पर दबाव डालने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की थी। 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में गांधी से मुलाकात की, जहां उन्होंने एमएसपी पर कानूनी आश्वासन की अपनी मांग दोहराते हुए, देश भर के किसानों की विभिन्न कठिनाइयों पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी बैठक में उपस्थित थे, जो हाल ही में संसद में गांधी के साथ किसान प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद हुई थी। गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी हासिल करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि यह ब्लॉक इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव डालेगा। गैरसरकारी संगठन ह्यसर्व सेवा संघह्न के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी गांधी से मुलाकात की संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक गांधी द्वारा संसद भवन परिसर में एक अन्य किसान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के कुछ सप्ताह बाद हुई है।

# गडकरी की तरह सभी मंत्री हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाए: कीर्ति आजाद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यों की सराहना करते हुए लोकसभा में कहा कि अगर सरकार के सभी मंत्री उनकी तरह हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाएगा। आजाद ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए यह टिप्पणी की। पश्चिम बंगाल के वर्धमान दुगार्पुर से लोकसभा सदस्य आजाद ने कहा, वह (गडकरी) जिस तरह से काम करते हैं, उसके लिए केवल मैं नहीं, पूरा सदन उनका कायल है।

# हरियाणा में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा: मुख्यमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवारों को अब 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलेगा। सैनी ने हरियाली तीज के अवसर पर जींद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस पहल से 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले लगभग 46 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना के तहत कुपोषण से निपटने के लिए 14 से 18 वर्ष की स्कूली छात्राओं को 150 दिन तक फोर्टिफाइड दूध उपलब्ध कराया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से लगभग 2.65 लाख किशोरियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण राशि को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की भी घोषणा की। सैनी ने कहा कि इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को दैनिक जरूरतों के लिए प्रदान की जाने वाली निधि को 20,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर दौरे पर चुनाव आयोग की टीम

● विधानसभा चुनाव की तैयारियों की होगी समीक्षा, राजनीतिक दलों से भी मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की एक टीम गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। बैठक कुछ ही देर में शुरू होगी, जब राजनेता श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आना शुरू करेंगे। चुनाव अधिकारियों ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले राजनीतिक दलों से फीडबैक मांगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम आज सुबह यहां पहुंची और शेरे कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), भाजपा, कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर पैंथर्स पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चुनाव आयोग की टीम से मिलने एसकेआईसीसी पहुंचे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी के पोल समेत पुलिस और नागरिक प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी एसकेआईसीसी पहुंचे। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम आज सुबह श्रीनगर पहुंची। जम्मू-कश्मीर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों को पत्र जारी कर उन्हें चुनाव आयोग के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया था। राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग के साथ बैठक के लिए समय दिया गया है। कुमार के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू भी हैं। चुनाव आयोग सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ-साथ मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ तैयारियों की समीक्षा भी करेगा। तीन दिवसीय यात्रा का समापन 10 अगस्त को जम्मू में होगा, जहां चुनाव आयोग प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक करेगा।

# योगी राज में 5.11 करोड़ से अधिक गरीबों और जरूरतमंदों का बना आयुष्मान कार्ड, देश में यूपी अव्वल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोदी सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीब और जरूरतमंदों को देने में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का कोई सानी नहीं है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड धारक हैं। प्रदेश की गरीब जनता और जरूरतमंद को योजना का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार 5 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर पूरे देश में नंबर वन है। यह उपलब्धि प्रदेश के पास विगत कई वर्षों से है। वहीं सीएम योगी की पहल पर प्रदेश में कार्ड धारक मरीजों को गंभीर से गंभीर बीमारी में आसानी से इलाज मिल रहा है। उन्हे यह इलाज बड़े-बडे.कॉपोरेट मेडिकल संस्थानों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा मुहैया कराया जा रहा है। अब तक 25 सौ करोड़ से अधिक की धनराशि गंभीर बीमारी वाले 6 लाख से अधिक मरीजों के इलाज में खर्च की जा चुकी है। इतना ही नहीं दूसरे प्रदेश के आयुष्मान कार्ड धारक भी प्रदेश की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

## कॉरपोरेट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों को मिल रहा इलाज

प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गरीब जनता को आयुष्मान भारत का लाभ देने के लिए युद्धस्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में 5 करोड़ 11 लाख 72 हजार 647 आयुष्मान कार्ड धारक हैं। जिन्हे प्रदेश के 5,669 अस्पतालों द्वारा इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इनमें 2948 सरकारी और 2721 प्राइवेट अस्पताल शामिल हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के कारॅपोरेट अस्पतालों में भी कार्ड धारकों को इलाज मिल रहा है। इसमें अपोलो, मेदांता, यशोदा, रिजेंसी, टेंडर पॉम जैस बड़े कॉपोरेंट अस्पताल शामिल हैं। योजना के तहत अब तक 45,19,375 मरीजों के इलाज में 7040 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं। प्रमुख सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश कार्ड बनाने के मामले में विगत कई वर्षों से पूरे देश में नंबर वन राज्य बना हुआ है, जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां 4 करोड़ 3 लाख कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर बिहार है, जहां 3 करोड़ 26 लाख कार्ड बनाए गए हैं।

## दूसरे राज्यों के एक लाख से अधिक कार्ड धारक मरीजों ने यूपी में कराया इलाज

साचीज की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों की गंभीर से गंभीर बीमारी का भी आसानी से इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 2,557 करोड़ से टर्शियरी केयर के तहत 6,98,831 मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया गया है। इसमें 66,513 हृदय रोगियों का इलाज किया गया। इनके इलाज में 684 करोड़ रुपये खर्च किये गये। वहीं दूसरे राज्य के 1,79,141 मरीजों ने प्रदेश की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनके इलाज में 491 करोड़ रुपये खर्च किये गये जबकि प्रदेश के बाहर रहने वाले 3,05,264 प्रदेशवासी मरीजों ने दूसरे प्रदेश में इलाज कराया। इनके इलाज में 821 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

## अयोध्या दुष्कर्म मामलाः डीएनए टेस्ट के लिए आरोपी सपा नेता और उसके नौकर का सैंपल लिया गया, पीड़िता के स्वास्थ्य में सुधार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता मोईद खान व उसके नौकर राजू खान का सैंपल डीएनए जांच के लिए बुधवार को अयोध्या जेल में लिया गया। उधर, लखनऊ में पीड़िता के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। मंगलवार को डॉक्टरों ने उसके 12 सप्ताह के गर्भ का समापन किया था। पीड़िता और भ्रूण का सैंपल मंगलवार को गर्भपात के समय लेकर पुलिस को दे दिया गया था। पुलिस विवेचना में डीएनए टेस्ट का मिलान करेगी।

बुधवार को किशोरी की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य है। ऐसे में उसे एक-दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। दुष्कर्म पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए सोमवार को अयोध्या से लखनऊ के लिए रेफर किया गया था। मोईद खान व उसके नौकर राजू खान बेकरी में नौकरी दिलाने के बहाने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया इसका वीडियो भी बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

### किशोरी के गर्भवती होने पर खुला मामला

किशोरी के गर्भवती होने पर मामला खुला और दोनों को 30 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर पीड़िता को आर्थिक सहायता देने के साथ ही कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद मोईद खान की बेकरी पर बुलडोजर चलाया गया था। यह बेकरी सरकारी और एक किसान की जमीन पर कब्जा करके बनी थी।

## शिफ्ट होंगे उत्तर प्रदेश के 23 बस अड्डे, दो साल तक चलेगा संवारने का काम

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीपीपी माडल पर प्रदेश के 23 बस अड्डों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इन बस स्टेशनों को संवारने के लिए करीब दो साल का समय लगेगा। इस बीच पीपीपी माडल से बनने वाले बस स्टेशनों को अस्थायी रूप से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। अस्थायी बस अड्डों के लिए जमीन की वैकल्पिक व्यवस्था कराने के लिए प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेंश्वर लू की अध्यक्षता में शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस वर्चुअल बैठक में 16 जिलों के डीएम और उपजिलाधिकारी शामिल होकर वैकल्पिक भूमि को लेकर चर्चा करेंगे।

### इन जिलों के उपजिलाधिकारी बैठक में होंगे शामिल

परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर की ओर से गाजियाबाद, आगरा, प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, गोरखपुर, अयोध्या, बुलंदशहर, बरेली, रायबरेली, मिजार्पुर, वाराणसी, कानपुर, मथुरा, हापुड़ के जिलाधिकारियों को बैठक में शामिल होने का पत्र भेजा गया है। साथ ही गाजियाबाद (सदर), आगरा (सदर), प्रयागराज (सदर), लखनऊ (सदर एवं सरोजनीनगर), मेरठ (सदर), अलीगढ़ (कोल), गोरखपुर (सदर), अयोध्या धाम (सदर), बुलंदशहर (सदर), बरेली (सदर), रायबरेली (सदर), मिजार्पुर (सदर), वाराणसी (सदर), कानपुर (सदर), मथुरा (सदर), हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर) के उपजिलाधिकारी भी अस्थायी बस स्टेशन की भूमि उपलब्ध कराने के लिए बैठक में शामिल होंगे।

राज्य सड़क परिवहन निगम जिन 23 प्रमुख बस स्टेशनों को पीपीपी माडल पर आधुनिक बस टर्मिनल के रूप में विकसित करेगा, उसमें 11 बस स्टेशनों के लिए चयनित विकासकर्ता फर्मों के साथ अनुबंध भी हो चुके हैं। वहीं, शेष 12 बस स्टेशनों के लिए मंत्री परिषद के अनुमोदन बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे। इन बस स्टेशनों पर रिटेल आउटलेट्स, मल्टीप्लेक्स जैसी सुविधाएं मिलेंगी। आधुनिक बस टर्मिनल का निर्माण विकासकर्ता फर्म को दो साल में पूरा करना है। ऐसे में दो साल तक यात्रियों को मुसीबत न उठाना पड़े इसके लिए बसों के संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था की शुक्रवार को यह बैठक होगी।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।स्मार्ट वैल्यू डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी ने अपने 25 वर्ष पूरे होने पर रविन्द्रालय में दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के महाप्रबंधक एस कृष्णमूर्ति और अन्य वरिष्ठ लीडर मौजूद थे। इस अवसर पर कम्पनी के महाप्रबंधक ने आये हुए सभी प्रतिभागियों को अपने जीवन में तरक्की के लिए मार्गदर्शन किया और उन्होने बताया कि मेहनत और लगन के साथ अगर किसी भी काम को किया जाए तो सफलता निश्चित है उसमें आपको कोई पराजित नही कर सकता। इस अवसर पर अरविन्द कुमार, उत्तम कुमार, राहुल कुमार, इबरार अहमद, अनिल यादव और राम बचन भी मौजूद थे सभी मौजूद लीडरों ने भी अपने अपने अनुभव साझा किये ।

## मामूली बात को लेकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई। बंथरा के भदोई निवासी नितिन के मुताबिक वह बुधवार शाम अपनी भैंस चराने गया था। आरोप है कि वहां पर मिले गांव के ही दीपेश मौर्य और नितिन मौर्य उससे खेत में नुकसान कराने की बात कहने लगे। जब पीड़ित नितिन ने उनकी इस बात पर मना किया तो आरोपियों ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। किसी तरह वह वहां से बचकर अपने घर भागा। लेकिन आरोपी उसके घर पर भी पहुंच गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। नितिन का कहना है कि उनकी मारपीट से उसका हाथ टूट गया। पीड़ित का कहना है कि बाद में उसने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। फिलहाल बंथरा पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## युवती की अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने वाले पति-पत्नी पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव की युवती के फोन से डाटा चोरी कर उसकी वीडियो व फोटो एडिट कर पति पत्नी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो व फोटो वायरल होने की जानकारी पर युवती ने पुलिस से शिकायत की, पुलिस ने आरोपियो के विरूद्व केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के एक गाँव की युवती का मोबाइल फोन खराब होने पर उसके पिता ने मोबाइल बनवाने के लिए गांव की महिला मन्नी को दिया था। महिला ने युवती के पिता से मोबाइल का पासवर्ड पूछकर अपने पति मोहम्मद शमीम को बता दिया। शमीम ने युवती के फोन से पूरा डाटा चोरी कर अपने मोबाइल पर ले लिया और युवती के फोन से डाटा डिलिट कर दिया। आरोप है कि डाटा चोरी कर युवती की वीडियो व फोटो को एडिट कर अश्लील बनाने के बाद दोनो पति पत्नी ने उन्हे वायरल कर दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## उत्तर प्रदेश में अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था से धरना-प्रदर्शन करने वालों की पूरी बात सुनी जाए, लेकिन इसकी आड़ में अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से सख्ती के साथ निपटा जाए। साथ ही त्योहारों के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में स्वतंत्रता दिवस, नागपंचमी, श्रावण सोमवार, काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ, रक्षाबंधन, चेहल्लुम और जन्माष्टमी के त्योहार हैं। इनके मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) का पर्व है। इसलिए पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाएं। अराजक तत्वों पर नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटरनेट मीडिया अफवाह फैलाने वालों का माध्यम बन रहा है। इसलिए सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर बनाकर रखें। तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर समाज में विद्वेष पैदा करने वाली सूचनाओं का प्रसार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ अधिकारियों को निर्देश दिए कि फेक न्यूज का तथ्यों के साथ खंडन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा होनी है। यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से पूरी शुचिता के साथ सकुशल संपन्न करवाने की जिम्मेदारी सभी की है। पूरी तरह से सतर्क रहें और वरिष्ठ अधिकारीगण अपने क्षेत्र के हर एक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लें। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर से उपाय किए जा रहे हैं। इससे संबंधित निदेशों का कड़ाई से अनुपालन करें।

## गली में नहीं थी जगह तो घर में लगा दिया ट्रांसफॉर्मर

● यूपी में अभियंताओं की कारस्तानी; बिजली विभाग भी चुप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। विद्युत सुरक्षा निदेशालय की अनदेखी के कारण हुसैनगंज के अंतर्गत आने वाले माडल हाउस में चंद दिनों पहले आग लगी थी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट था। भीषण आग के कारण लाखों का नुकसान हुआ था। जांच में पता चला कि जिस घर में आग लगी थी उसी परिसर के प्रथम तल पर ट्रांसफार्मर लगा है। बिजली विभाग की जांच में पता चला कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय के तत्कालीन अवर अभियंता ने इसकी एनओसी दी थी। यह एनओसी इसलिए दी गई थी कि गली सकरी थी और ट्रांसफार्मर रखने की जगह नहीं थी। इसलिए प्रथम तल पर ट्रांसफार्मर लगाने की अनुमति दे दी। वर्तमान में यह ट्रांसफार्मर घर के भीतर लगा है। सवाल खड़ा होता है कि निदेशालय ने घर के भीतर ट्रांसफार्मर लगाने की आखिर अनुमति क्यों दी? इसका जवाब अब न तो निदेशालय दे रहा है और न ही बिजली विभाग ठोस कार्रवाई कर रहा है।

### ट्रांसफार्मर जान के लिए खतरा

माडल हाउस में यह ट्रांसफार्मर आज भी लगा है। ट्रांसफार्मर को रोकने के लिए चार इंच की दीवार बनाकर इसे घर से अलग करने का दावा किया गया है। प्रथम तल पर लगे ट्रांसफार्मर को बिजली अभियंताओं ने कैसे लगाया और विद्युत सुरक्षा निदेशालय ने किस दबाव में यह एनओसी दी? अगर आग की लपट ट्रांसफार्मर तक पहुंचती तो इसके फटने से कई लोगों की जान तक जा सकती थी। खासबात है कि निदेशालय इसे अपनी गलती न मानकर बिजली विभाग को जवाब दे रहा है कि जगह नहीं थी इसलिए घर के प्रथम तल पर लगा दिया। इसमें बिजली विभाग के तत्कालीन अवर अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता भी दोषी हैं। क्योंकि उन्होंने निदेशालय से न तो इसका विरोध किया और न ही कोई पत्राचार।

## वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के विरोध में उतरीं मायावती

● बोलीं– संकीर्ण राजनीति छोड़ राष्ट्रधर्म निभाए सरकार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति छोड़कर राष्ट्रधर्म निभाने की सलाह दी है। मोदी सरकार के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के विरोध में गुरुवार को सोशल मीडिया एक्ट पर किए गए पोस्ट में बसपा प्रमुख ने साफ लिखा है कि संसद में पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जिस प्रकार आशंकाएं एवं आपत्तियां सामने आई हैं, उसके मद्देनजर इस बिल को बेहतर विचार के लिए सदन की स्थायी (स्टैंडिंग) समिति को भेजना उचित होगा। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार जल्दबाजी न करे तो बेहतर होगा।

### सरकार राष्ट्रधर्म निभाए : मायावती

मायावती ने लिखा कि केंद्र व यूपी सरकार द्वारा मस्जिद, मदरसा, वक्फ आदि मामलों में जबरदस्ती की दखलंदाजी और मंदिर व मठ जैसे धार्मिक मामलों में अति-दिलचस्पी लेना संविधान व उसकी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत है। सवाल उठाया कि ऐसी संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति क्या जरुरी है? सरकार राष्ट्रधर्म निभाए।

### 'अब सच्ची देशभक्ति साबित करने का समय'

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मंदिर-मस्जिद, जाति, धर्म व सांप्रदायिक उन्माद आदि की आड़ में कांग्रेस व भाजपा ने बहुत राजनीति कर ली और उसका चुनावी लाभ भी काफी उठा लिया, किंतु अब देश में खत्म हो रहा आरक्षण व गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पिछड़ापन आदि पर ध्यान केंद्रित करके सच्ची देशभक्ति साबित करने का समय है।

## इण्डियन बैंक ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री ब्रजेश कुमार सिंह आधिकारिक झ दौरे पर लखनऊ आए हुए हैं आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित टाउन हॉल मीटिंग में उन्होंने बैंककर्मियों को संबोधित किया अपने इस दौरे के दौरान उन्होंने कासा, साइबर जागरूकता, डिजिटल बैंकिंग और जमा संग्रहण हेतु बैंक द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लिया आज ही सुबह 7.30 बजे इंडियन बैंक द्वारा बैंक के 118 वें स्थापना वर्ष के अवसर पर इंदिरा नगर में जमा संग्रहण के लिए एक रोड शो का आयोजन किया गयो इंडियन बैंक की स्थापना भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 15 अगस्त 1907 को एक स्वदेशी बैंक के रूप में की गई थी अपने इस दौरे पर कार्यपालक निदेशक ब्रजेश ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की उन्होंने प्रांजल यादव (सचिव, एमएसएमई ), दीपक कुमार (अपर मुख्य सचिव, गृह एवं वित्त ) तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक राय से भी मुलाकात की ब्रजेश ने बैंककर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए जमा राशि व्यवसाय का सबसे मजबूत आधार है। अतः कासा को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिऐ उन्होंने कहा कि बैंक में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के साथ झ साथ साइबर सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना भी अत्यंत आवश्यक है इसके लिए पहले बैंककर्मियों को सचेत रहने की आवश्यकता है कि किसी भी संदिग्ध लिंक या ट्रांजेक्शन की स्थिति में कैसे व्यवहार करना है उन्होंने कहा कि अपने ग्राहकों को सुरक्षित ग्राहक सेवा देना हमारा कर्तव्य है ब्रजेश ने कहा कि आने वाला युग डिजिटल बैंकिंग का युग है आज के समय में बिना डिजिटल बैंकिंग के बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करना कठिन है यह समय की मांग है अतः हमें इसके साथ चलना है और सावधानी भी बरतनी है ग्राहक को अपने जरूरत के मुताबिक तत्काल बैंकिंग सेवा चाहिए ये कैसे होगा ये हमें सोचना है उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को बैंक द्वारा पूरे भारत में स्थित शाखाओं में ग्राहक दिवस मनाया जाएगा ब्रजेश ने बैंक के हजरतगंज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत ब्रजेश ने इंडियन बैंक की ओर से बलरामपुर अस्पताल को पल्मोनरी फंक्शन मशीन व उन्नत स्पाईरो मीटर दान किया कार्यपालक निदेशक की अगुवाई में लखनऊ में पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं अंचल प्रबंधक, लखनऊ प्राणेश कुमार भी सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहे

## नशीला पदार्थ पिलाकर विवाहिता के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने नौकरी दिलाने के बहाने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर 3 दिन पहले एक विवाहिता के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि पीजीआई इलाके में रहने वाली विवाहिता ने बिजनौर थाने में मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति के परिचित दोस्त अभिमन्यु सिंह ने उससे नौकरी दिलाने के संबंध में बात की और कहा कि मेरे होटल में देखभाल की जगह खाली है। यह बात कहने के बाद अभिमन्यु सिंह ने मंगलवार को अपराहन करीब 3 बजे होटल दिखाने के बहाने विवाहिता को बिजनौर में सीआरपीएफ गेट के सामने होटल विनायक गेस्ट हाउस में बुलाया। जहां अभिमन्यु ने उसे होटल के रूम में बिठाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद विवाहिता को चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गई। बाद में होश आने पर अभिमन्यु उसके साथ दुराचार करते मिला। इतना ही नहीं पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया था कि दुराचार करने के दौरान आरोपीय अभिमन्यु ने उसका वीडियो बनाया और किसी से बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा ने बताया कि इस घटना में पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अभिमन्यु की तलाश की जा रही थी। तभी गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे पता चला कि घटना का आरोपी पीजीआई के रत्नाकर खंड, साउथ सिटी निवासी अभिमन्यु कुमार सरोजनीनगर तहसील के पास मौजूद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## उत्तर प्रदेश के हर जिले से गुजरेगी 12 बोगियों वाली काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस, दो माह करेगी भ्रमण

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर वर्तमान और भावी पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा के जरिए प्रेरित किया जाएगा। रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस भी चलाई जाएगी। काकोरी से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की फोटो और अभिलेखों की प्रदर्शनी 12 बोगियों वाली इस ट्रेन के माध्यम से युवाओं और छात्रों को प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू हो रही यह ट्रेन दो माह तक प्रदेश के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगी।

### मुख्यमंत्री ने दिए थे ट्रेन चलाने के निर्देश

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ नौ अगस्त से होगा। पूरे एक वर्ष काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन को भारत के स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण घटना बताते हुए निर्देश दिया था कि रेलवे के सहयोग से प्रदेश में एक ट्रेन काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस के नाम से संचालित की जाए, जो लोगों तक काकोरी शौर्यगाथा पहुंचाएगी। काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस का प्रत्येक जिले में दो दिन तक पड़ाव रहेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों को ट्रेन में सचल प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता एवं जीवन गाथा पर आधारित गतिविधियां आयोजित होंगी। ट्रेन में काकोरी ट्रेन एक्शन के अभिलेखों को प्रदर्शित किया जाएगा। यही नहीं काकोरी गाथा का एआर/वीआर के माध्यम से 3डी मॉडल भी प्रदर्शित होगा। ट्रेन के अंदर और बाहर भारतेंदु नाट्य अकादमी की ओर से नुक्कड़ नाटक का भी मंचन होगा।

## छापामारी में सात घरों में मिली गड़बड़ी, कटा बिजली कनेक्शन

कुछने मौके पर ही निकाल लिए 43 हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजली चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। हुसैनगंज में आने वाले कैंट रोड, मछली मोहाल व नया गांव में अभियंताओं ने योजना बनाकर छापा मारा। छापे के दौरान 15 घरों में जांच की गई। इनमें से सात घर में ही करीब 18 किलोवाट की बिजली चोरी मिली। इनमें दो उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया था, इस पर बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं और कुछ बकाएदारों ने करीब 43 हजार मौके पर जमा भी किया। हुसैनगंज खंड के अधिशासी अभियंता आदर्श भारतीय ने बताया कि बुधवार को अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में मुन्नु घसियारी मंडी में उपभोक्ता उमरदराज के परिसर में एसी चलते हुए पाए गए। जांच की गई तो चार किलोवाट की बिजली चोरी हो रही थी। इसके अलावा साबिर, रेहाना सलीम, शाहरूख हुसैन, हासिम हुसैन, सुनील और सत्यजीत के घरों में चोरी मिली।

### बिजली चोरी करने वालों के कटे बिजली कनेक्शन

सभी बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं और बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। भारतीय ने बताया कि जो हाई लास फीडर हैं, वहां यह चेकिंग अभियान आगे भी चलते रहेंगे। उन्होंने बताया कि हाई लास फीडरों पर 15 प्रतिशत से कम लाइन लास के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एयर इंडिया को यूपी की एक महिला को देने पड़ेंगे 20 लाख रुपये, राज्य उपभोक्ता आयोग ने लगाया हर्जाना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। एयर इंडिया में टिकट बुक होने के बाद भी महिला को सीट न देना एयर इंडिया को महंगा पड़ गया। महिला की ओर से वाद दाय करने के बाद राज्य उपभोक्ता आयोग ने एयर इंडिया पर 20 लाख रुपये का हजार्ना लगाया है। यह भुगतान 2021 से ब्याज सहित 45 दिन में देना होगा। आयोग ने एक लाख रुपये वाद व्यय भी देने का आदेश दिया है। गोमती नगर के विक्रांत खंड निवासी आराधना सिंह ने पांच नवंबर 2021 को रायपुर से लखनऊ वाया दिल्ली के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट का टिकट ई-टिकट नंबर 098-4727194464 बुक किया था। फ्लाइट छूटने का समय 9:30 बजे था। 11:15 बजे नई दिल्ली पहुंचना था।

वहां से लखनऊ की फ्लाइट भी बुक थी। वादी के अनुसार जिन दिन फ्लाइट छूटनी थी। वह दो घंटे पहले ही रायपुर एयर पोर्ट पहुंच गईं। आरोप है कि एयर इंडिया ने उन्हें सीट नहीं दी। बिना किसी उचित औचित्य कारण के उतार दिया। इस पर नाराज होकर उन्होंने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर दिया।

### आयोग ने दिया आदेश

आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार, सदस्य विकास सक्सेना और सदस्य सुधा उपाध्याय ने दोनों पक्षों को बुलाकर सुनवाई की। अधिवक्ता पियूष मणि त्रिपाठी ने कोर्ट में बताया कि टिकट काफी पहले से बुक था। ऐन वक्त पर आराधना सिंह को सीट नहीं दी गई। सुनवाई के बाद आयोग ने एयर इंडिया नई दिल्ली, एयर इंडिया रायपुर और एयर इंडिया रीजनल आफिस हजरतगंज को पीड़ित को नौ प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ 20 लाख रुपये हजार्ना देने का आदेश दिया।

## संक्षेप

### दो युवकों पर छेड़छाड़ व मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। छेड़छाड़ सहित मारपीट किए जाने को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों पर मारपीट सहित छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी पीड़िता दिनांक 6.8.2024 दिन मंगलवार देर रात अपने जानवरों के गोडा से चारा पानी व दूध लेकर अपने घर आ रही थी कि रास्ते में पीड़िता के गांव के पड़ोसी सुनीत कुमार उर्फ कल्लू व अमित कुमार उर्फ लाला पुत्र गण अभिलाष कुमार यादव पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे विरोध करने पर मारपीट किया पीड़िता के चिल्लाने पर गांव के कई लोग बचाने के लिए आए दिन यह लोग मारपीट किया करते हैं इन लोगों के आतंक से लोग आतंकित है पीड़िता के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने छेड़खानी सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### बेहोशी की हालत में मिला युवक, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। पोनी रोड श्री नगर निवासी राम औतार शर्मा का 38 वर्षीय पुत्र अनूप शर्मा फर्नीचर ठेकेदार था। मंगलवार देर शाम बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर दो के पास वह अपनी कार के अंदर बेहोशी की हालत में पड़ा था। इसकी जानकारी परिसर में टहल रहे लोगों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी संध्या का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतक की तीन बेटियां सृष्टि, संस्कृति और स्मृति हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पीएम के लिये भेजा है। जहां पीएम के बाद शव शुक्लागंज लाया गया। इस दौरान ससुरालीजनों और परिवार के लोगों में जमकर विवाद और हंगामा हुआ। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

### दबंगो ने युवक का लोहे की राड से फोड़ा सर

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। चंदन घाट निवासी राकेश घाट पर अकेला घूम रहा था, तभी आरोप है कि रमाशंकर और विशाल वहां पहुंचे। जिसके बाद गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दोनों ने उसे मारा पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं लोहे की रॉड सिर पर मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। घायलावस्था में वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# डाकघर को नही मिल सका उप डाकघर का दर्जा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर चौरासी डाकघर अभी तक उप डाकघर का दर्जा नहीं प्राप्त कर पाया है।क्षेत्र की जनसंख्या बढ़ी है, काम बढ़ा है इसके बाद भी अभी फतेहपुर चौरासी डाकघर शाखा डाकघर के रूप में लोगों की सेवाएं कर रहा है। कर्मचारियों की कमी होने के कारण यहाँ की डाक सेवा भी समय से लोगों को नहीं मिल पाती हैं। जबकि अब डिजिटल सेवा भी लागू हो गई है।

जनपद उन्नाव के फतेहपुर चौरासी नगर में आजादी के बाद से ही डाक सेवा चालू है। शाखा डाकघर के रूप में संचालित फतेहपुर चौरासी डाकघर से क्षेत्र के भड़सर नौशहरा, लावनी,गंगदासपुर, जाजामऊ,दबौली आदि सहित आठ शाखा डाकघर फतेहपुर चौरासी शाखा डाकघर से सम्बद्ध है। जिनकी डाक का आदान-प्रदान इसी शाखा डाकघर से होता है।इसके अलावा इस शाखा डाक घर के क्षेत्र में मंडल स्तरीय पुलिस प्रशिक्षण केंद्र ,जवाहर नवोदय विद्यालय ,आईटीआई और थाना, अस्पताल, ब्लॉक, कई डिग्री कॉलेज, दर्जनों इंटर कॉलेज हैं। इनकी भी डाक का आदान-प्रदान इसी शाखा का घर से होता है। जब इस शाखा डाक घर की स्थापना हुई थी तब से अब तक कई गुना जनसंख्या की बढ़ोतरी हुई है इसके अलावा कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों के भी खुल जाने से उनकी डाक का आदान-प्रदान का कार्य भी इस शाखा डाकघर पर बढ़ा है लेकिन विभाग द्वारा अभी भी इस शाखा डाकघर को उच्चीकृत कर उप डाकघर का दर्जा नहीं दिया जा सका है और अभी भी इसे उप डाकघर सफीपुर से संबंध कर रखा गया है।इसके अलावा इसको अपना भवन भी नहीं मुहैया हो सका है।यहाँ अभी तक सरकारी भवन का निर्माण नहीं हो सका है । यहां आज भी किराए के भवन में डाक सेवा चल रही है ।किराए के भवन में चलने के कारण अभी तक इसके कई स्थान परिवर्तित हो चुके हैं। स्थान परिवर्तित होने के कारण आम जनमानस को पोस्ट ऑफिस ढूंढने में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है ।लगभग 15 सालों से मोबाइल सेवा की वजह से चिट्ठी पत्री का चलन कम हो गया। इससे पहले आम जनमानस चिट्ठी पत्री के सहारे सूचनाओ का आदान-प्रदान करता था। फिर भी मोबाइल सेवा होने के बावजूद सरकारी कागज पत्रों ,पैन कार्ड, आधार कार्ड, जैसी तमाम सेवाएं अभी भी पोस्ट ऑफिस के माध्यम से हो रही हैं । लेकिन फतेहपुर चौरासी में अभी तक डाकघर भवन का निर्माण नहीं हो सका है। इसके बावजूद यहां पर डाक सेवा अच्छी नहीं है ना ही यहां सरकारी भवन बना हुआ है और न ही समय से डाकघर खुलता है। इस पर डाकघर के एक कर्मचारी नंदलाल नें बताया कि यहां पर कर्मचारियों की कमी होने के कारण डाक सेवा अव्यवस्थित है ।कर्मचारियों की कमी से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक वह पूर्ण नहीं हो सकी है।केवल एक कर्मचारी ही डाक लाता है और डाकघर चलता है इसकी वजह से यह अव्यवस्था यहां पर बनी हुई है। डाक सेवा आज भी जनता के लिए आवश्यक है लेकिन सेवा में सुधार न हो पाने से लोगों को कठिनाई का सामना भी करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने डाकघर का भवन बनवाने और शाखा डाक घर को उच्चीकृत कर उप डाकघर के रूप में संचालित करने और समय से खोलने और कर्मचारियों को बढ़ाने की मांग डाक विभाग से की है।

# हाइवे पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के अन्ना गोवंशो का जमावड़ा

अमन लेखनी समाचार/शिवम् सिंह



कुरारा,हमीरपुर।हाइवे पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के अन्ना गोवंशो का कब्जा है। ये वही अन्ना गोवंश है जिनके नाम पर संचालित गौशालाओं में लाखों का बजट चट किया जा रहा है। जानवर अगर भोजन की तलाश में ग्रामो व खेतो के तरफ निकलते है तो उन्हें किसान दौड़ाकर कस्बे की तरफ भगा देते है जिससे जानवर हाइवे में कब्जा जमाकर बैठ जाते है। जिससे राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हमीरपुर कालपी स्टेट हाइवे में कुरारा कस्बे में हाइवे पर जगह जगह अन्ना जानवर बैठकर हाइवे की शोभा बढ़ाने के साथ साथ ग्रामो व कस्बा में संचालित गौशालाओं की भी पोल खोल रहे है। कुरारा कस्बे के आसपास के गांव जिनमे डामर, रिठारी, रघवा, कुतुबपुर, झलोखर, खिरवा, चकोठी, कुसौलीपुरवा आदि ग्राम आते है और सभी ग्राम पंचायतो में गौशाला भी संचालित परंतु अन्ना जानवरो को इनमें कोई संरक्षण नही मिल रहा है। वो अपने भोजन के लिए इस खेत से उस खेत भटकते है और खेत मालिक की लाठी खाने को मजबूर है। डामर गांव के किसान खड़ग सिंह यादव, ब्रजेन्द्र यादव झलोखर गाँव मुल्लू शिवहरे, बड़कू महाराज, रिठारी गांव निवासी राजू सिंह, कपूर सिंह, चकोठी गांव सुनील त्रिपाठी, प्रशांत द्विवेदी कुतुबपुर गांव के राजेन्द्र सिंह, पुप्पल सिंह, राघवा गांव के राजू यादव, कैलाश पाल, जगदीश यादव, कुसौलीपुरवा गांव के चंद्रभान सिंह रण विजय सिंह आदि का कहना है कि गौशालाये सही तरीके से संचालित न होने से अन्ना जानवर खेतो में घुस रहे है जिससे नुकसान हो रहा है।जबकि उनके नाम पर संचालित गौशालाओ में लाखों का बजट कोई और खा रहा है और अन्ना गोवंश हाइवे में दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। वही इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता का कहना है कि गौशालाओं में बंद अन्ना गौवंश गौशालाओं में है। जो जानवर इधर उधर भ्रमण कर रहे है ये पशु पालकों के ही है। जो दूध दूकर उन्हें छोड़ देते है और जांच करा कर अगर गौशाला के जानवर है तो उन्हें गौशाला भिजवाया जाएगा।

# महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। दिवंगत होमगार्ड के शांति पाठ में शामिल होने आए दामाद ने करीब तीन माह पूर्व पूरे परिवार को जहरीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया था और घर से जेवर तथा नगदी समेत उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। होमगार्ड की विधवा द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद पुलिस अभी तक बेटी को बरामद करना तो दूर अपहताओं को गिरफ्तार तक नहीं कर सकी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासिनी मीरा देवी द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि बीते 12 मई को उसके होमगार्ड पति सर्जन सिंह की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसका दामाद उमेश यादव पुत्र सियाकांत निवासी ग्राम मढ़िया थाना माधौगंज हरदोई उसकी बड़ी बेटी के साथ शांति पाठ में शामिल होने आया था। रात में उसके दामाद उमेश ने उसे तथा उसके दोनों बेटों को किसी तरह नशीली दवा पिलाकर बेहोश कर दिया था और घर में रखा 20 हजार रुपए नगद तथा करीब पांच लाख रुपए कीमत का सोने-चांदी का जेवर समेट कर उनकी नाबालिग छोटी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। विधवा ने बीते 16 जून को दामाद उमेश यादव व उसके बड़े भाई सर्वेश और उसके पिता सियाकांत के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किंतु घटना के करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो उसकी बेटी को बरामद कर सकी है और ना ही घटना में वांछित दामाद और उसके पारिवारिक सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दिवंगत होमगार्ड की विधवा ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# बालिकाओं को संबोधित कर बढ़ाया उनका उत्साहवर्धन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत गाइडेंस एण्ड हैण्ड-होल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन जिलाधिकारी गौरांग राठी गरिमामयी उपस्थिति में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उन्नाव क्लब में आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में आयी बालिकाओं को सम्बोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिकारियों द्वारा तीन-तीन बालिकाओं से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके जीवन में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उनकी प्रोफाइल तैयार की गयी। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा सम्बन्धी किट प्रदान की गयी एवं कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिकारियों को एक वृक्ष बेटियों के नाम से लगाये जाने हेतु वितरित किये गये। तदोपरान्त उपस्थित बालिकाओं व उनके अभिभावकों को स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, डी0एफ0ओ0, आरूशी मिश्रा उप जिलाधिकारी पुरवा (न्यायिक) शालिनी सिंह तोमर, उप जिलाधिकारी बांगरमऊ नम्रता सिंह, तहसीलदार पुरवा साक्षी राय, तहसीलदार बीघापुर अरसला नाज, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वर्तिका त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुगन्धा चतुर्वेदी चित्रा दुबे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मधु मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन श्वेता वर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चित्रा शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# सपा के पूर्व सीएम ने प्रदेश सचिव को सौंपी कमान

अमन लेखनी समाचार



मियाँगंज, उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व तालुकेदार समाजसेवी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य शुजाउर रहमान सफवी शुजा को समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव की कमान सौंपी है ।ये खबर मिलते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा नेता शुजाउर रहमान सफवी शुजा को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है ये खबर समर्थकों तक पहुंचते ही सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है ।एवं समाजसेवी शुजाउर रहमान सफवी शुजा ने बताया की मैं समाजवादी पार्टी का सच्चा सिपाही हूँ मैं अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुवे उनको विश्वास दिलाता हूँ पार्टी की नीतियों एवं सपा सरकार में हुवे ऐतिहासिक कार्यों को जन जन तक पहुँचाऊँगा ।पिता को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड फरान रहमान सफवी ने अपने नेता अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया है और कहा है हम समाजवादी लोग हैं और समाजवादी कारवां को यूं ही आगे बढ़ाते रहेंगे ।

# सपा पार्टी के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में बदहाल विद्युत व्यस्था से त्रस्त क्षेत्रवासियों की अवाज समाजवादी पार्टी ने पुरजोर तरीके से उठाने का काम किया है। समाजवादी पार्टी विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर के प्रभारी अंकित सिंह परिहार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीघापुर को सौंपा है। अंकित सिंह परिहार ने कहा कि बदहाल विद्युत व्यवस्था से क्षेत्र के आम जनमानस को कष्ट का सामना करना पड़ रहा है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ज़िम्मेदार अधिकारी कान में रूई डाल कर बैठे हैं, धान रोपाई के समय बिजली की समस्या को लेकर किसानों में हाहकार मचा हुआ है लेकिन किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा कि यदि इस स्थिति में शीघ्र सुधार ना हुआ तो जनभावना के अनुरूप सामाजवादी पार्टी क्षेत्र में एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधान सभा अध्यक्ष ओम प्रकाश पासवान, ज़िला उपाध्यक्ष रूप नारायण पटेल, ज़िला सचिव श्रीनारायण पाल, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश यादव, पप्पू चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष शिव नारायण गौड़, विजय यादव, श्रीकृष्ण कुरील सत्येंद्र यादव, सूरज राजपूत, अरुणेन्द्र यादव, आकर्षित यादव, राजू निर्मल, सूरज यादव, गौरव वर्मा, डा. देवराज, धर्मेन्द्र सिंह, परवेज खान, अंकुर सिंह आदि उपस्थित थे।

# रुद्राभिषेक श्रंगार हवन आरती के बाद भंडारे का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। द्वारिकापूरी में स्थित बाबा कन्देरेश्वर का होगा विशाल रुद्राभिषेक श्रंगार हवन आरती के साथ भंडारे का आयोजन। तहसील बीघापुर के ग्राम पंचायत ओंसियॉ के द्वारिकापूरी में स्थित बाबा कन्देरेश्वर का समिति द्वारा विशाल रुद्राभिषेक भव्य श्रंगार के साथ साथ बाबा के दरबार में हवन आरती के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है ।समिति के लोगों ने बताया कि यह आयोजन 16 अगस्त दिन शुक्रवार को होना सुनिश्चित हुआ है, और उन्होंने बताया कि रुद्राभिषेक प्रातः 8:00 बजे तथा भंडारा 1 बजे से चालू होगा।

# झुका पड़ा तिरंगा जिम्मेदारों की नही पड़ती नजर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में शाशन प्रशासन जुट गया है। मात्र एक सफ्ताह बाद भारत 78 वा स्वत्रंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता जोर शोर से जुट गए है। भारतीय ध्वज संहिता26 जनवरी 2002 को लागू की गई थी। जिसके अंतर्गत ध्वज का अपमान करना भी एक तरह का अपराध है। ऐसा ही मामला बिहार थाना क्षेत्र के मनिकापुर गाँव जाने वाली रोड पर बने गेट का है जहाँ तिरंगे का अपमान साफ नजर आ रहा । गेट पर लगा तिरंगा झण्डा पूरी तरह से झुका हुआ है व फटा है। सुमेरपुर-बक्सर संपर्क मार्ग पर स्थित मनिकापुर गाँव के गेट के सामने से आला अधिकारी रोज निकलते है। लेकिन किसी को भी इस ध्वज का सम्मान करने हेतु कोई प्रयास नही किया गया ।इस गेट से मात्र कुछ दूरी पर मस्जिद व विशेष समुदाय की घनी बस्ती है। इस गेट पर लगे झंडे को लेकर पहले भी काफी विवाद हो चुका है जिसमे कई दिनों तक पुलिस का पहरा बैठा दिया गया था।

# तीन बार हार के बाद ग्राम प्रधान पद के हुए उप चुनाव में हासिल की जीत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत दबौली में काफी अरसे से प्रधानी करने के प्रयास में लगे बिजय शंकर नें लगातार तीन बार हार का मुँह देखनें के बाद चौथी बार उप चुनाव में विजय हो पाए हैं विजय शंकर यादव। उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच अपने निकटतम प्रत्याशी को 32 वोटों से मात देकर प्रधानी हासिल कर ली है ज्ञातब्य है कि विकास खंड फतेहपुर चौरासी की ग्राम पंचायत दबौली के प्रधान अजीत तिवारी का गत जनवरी माह में प्राण घातक बीमारी के चलते निधन हो गया था।जहाँ गत मंगलवार को उपचुनाव के लिए वोट डाले गए थे।ग्रामपंचायत के कुल तीन हजार अट्ठानबे मतदाताओ में से दो हजार उन्तीस मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में आये तीन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया था। आज गुरुवार को जब मत गड़ना हुई तो विजय शंकर यादव को 711, सुनील यादव को 679 और नीरज को 576 मत प्राप्त हुए। 63 मत अनवैलिड घोषित किए गए। इस तरह से लगातार तीन बार से चुनाव लड़कर प्रधानी करने का सपना सजोय विजय शंकर यादव का सपना इस उप चुनाव में पूरा हो गया और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध पूर्व प्रधान सुनील यादव से 32मत अधिक पाकर जीत हासिल कर अपना सपना साकार कर लिया। चुनाव अधिकारी द्वारा उन्हें जीत प्रमाण पत्र दिया गया और जैसे ही वह मतगणना स्थल से बाहर निकले उनके समर्थकों ने जिंदाबाद के नारे लगाकर और फूल मालाओं से लाद कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार दलबल के साथ मतगड़ना स्थल पर मौजूद रहे।

# यूपीसीडा के अधिकारियों ने किसानों को दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। ट्रान्स गंगा सिटी के किसानों ने पिछले सप्ताह डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से ट्रान्स गंगा सिटी मे किसानों को निशुल्क भूखंड और शेष किसानों को 50 हजार रुपए के सम्बन्ध में मुलाकात की थी। जिस पर डिप्टी सीएम ने तत्काल फोन कर यूपीसीडा के अधिकारियों को समझौते के अनुसार किसानों को मिलने वाले निशुल्क प्लाट और पुनर्वास को जल्द से जल्द दिलाने को निर्देशित किया था और किसानों के साथ एक बैठक कर मामले का जल्द हल करने को कहा था उसी क्रम मे गुरूवार दोपहर किसानों और यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी के साथ किसानों की बैठक हुई। जिस पर सीईओ ने अपने अधिकारियों को अतिशीघ्र किसानों को मिलने वाले भूखण्ड और शेष 50 हजार पुनर्वास को शीघ्र दिलाने के लिए अपने अधिकारियों को तुरंत निर्देशित भी किया और किसानों को पूर्ण न्याय दिलाने की बात कही। इस मौके पर शिवनारायण मिश्रा, अशोक बाजपेयी एडवोकेट, राम त्रिवेदी, अतुल अजय आदि किसानों मौजूद रहे।

## पालिका ने क्रास मार्ग का शुरू कराया कार्य

शुक्लागंज, उन्नाव। तिकुनिया पार्क से मिश्रा कॉलोनी को जाने वाले मुख्य मार्ग पर रेलवे पुल के नीचे पिछले कई माह से लोहे का क्रास जर्जर होने के साथ ही टूट गया था। जिससे क्रास में कई गहरे गड्ढे बन गये थे, जरा सा चूकने पर दोपहिया, ई रिक्शा वाहन सवारों के अलावा अन्य वाहन अनियंत्रित हो रहे थे। रात में अंधेरे में कई बार साइकिल सवार और दोपहिया वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा से लोगों ने क्रास बनवाने की मांग की। जिस पर पालिका प्रशासन की ओर से क्रास बनवाने का काम शुरू कर दिया गया। गुरूवार को आधे क्रास का काम पूरा कर लिया गया है। जिसके बाद दूसरे ओर का क्रास बनवाया जायेगा।

## बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया युवती दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से पिता ने अपनी पुत्री को भगा ले जाने का आरोप गाँव के ही एक युवक पर लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री मंगलवार रात बिना बताये घर से कही चली गयी ।पता किया तो जानकारी हुई की गाँव का लड़का राकेश कुमार धानुक पुत्र अशोक मेरी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया। क्योकि इसके पहले लड़की को भला ले जाने का प्रयास कर रहा था। मेरी लड़की घर में रखा 10 हजार रुपया नगद व 1 तोले की अंगुठी व पायल लेकर चली गयी ।काफी खोजबीन किया पता नही चला। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# जाम खुलवाने में पुलिस के छूटे पसीने

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गुरूवार सुबह करीब नौ बजे मनोहर नगर और गायत्री मंदिर जाने वाले रास्ते से ब्रेड वाहन, दूध वाहन और पालिका की गाड़ियों के अलावा लोडर निकलने लगे। जिससे शुक्लागंज से कानपुर जाने वाला मार्ग बाधित हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जाम छुड़ाने के लिये काफी मशक्कत की लेकिन बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक का मार्ग संकरा और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम टस से मस नहीं हिला। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रही। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के उप चुनाव में 256 मतो से हासिल की जीत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड के बीडीसी संख्या 65 अकबरपुर सदस्य के उपचुनाव में हुई मतगणना में पूर्व बीडीसी के बेटे ने 256 मतों से जीत हासिल की। इस चुनाव में कुल 764 मत पड़े थे जिनमें 20 मत अवैध पाए गए।विनर अनुज कुमार को500 व रनर अजीत कुमार को 244 मत प्राप्त हुए। बीडीसी सदस्य शिव शंकर के निधन पर रिक्त हुई थी, उनके बेटे अनुज कुमार ने भारी मतों से विजय प्राप्त की। विजयी प्रत्याशी अनुज कुमार को आरओ दिवाकर पांडे व एआरओ प्रवेंद्र कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर्व हर घर तिरंगा के साथ होंगे कई कार्यक्रम-डीएम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस पर्व तथा 13 से 15 अगस्त 2024 को हर घर तिंरगा अभियान को पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न कराए जाने उद्देश्य से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विभागवार कार्याक्रमों के निर्धारण हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि स्वतंत्रता दिवस पर्व पर हर घर तिंरगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक समस्त सरकारी भवन, समस्त औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा शहीद चन्द्रशेखर आजाद बदरका, डौडिया खेड़ा में राजा राव रामबक्श सिंह, बक्सर स्थित शहीद स्मारक व शहीद चन्द्रिका बक्श सिंह स्मारक बेंथर के स्थान प्रकाशमान किये जाएं तथा शहीद स्थलों पर राष्ट्रधुन के साथ पुलिस/पीएसी बैण्ड का वादन किया जाए। जिला चिकित्सालय पुरुष/महिला एवं जिला कारागार में रक्तदान, फल वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण आदि कार्यक्रम कराए जाएं। समस्त सरकारी/गैर सरकारी भवनों व स्कूलों पर प्रातः 8:00 बजे से ध्वजारोहण व राष्ट्रगान आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में स्थित शहीद स्मारकों व महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि झण्डा फहराने में झण्डा संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाए। जनपद में कहीं भी किसी भी जगह पर राष्ट्रध्वज का अनादर नहीं होना चाहिए। झण्डा लगाने के साथ-साथ उसे निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक सम्मान देना भी जरूरी है। उन्होंने समस्त नगर निकाय के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कटे-फटे एवं डैमेज्ड झण्डे को डिस्पोज करने के लिए निर्धारित गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वन्त्रता दिवस पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराए जाएं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस सेनानियों के निवास पर जाकर उनके आश्रितों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने सीओ यातायात को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के दृष्टिगत शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग हर घर तिंरगा अभियान में अनिवार्य रूप से सहभागी बने। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष की भांति हर घर तिंरगा अभियान हेतु झण्डों की अतिरिक्त आवश्यकता की आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दो करोड़ झण्डों का उत्पादन करके एवं शहरी क्षेत्रों में झण्डों की आपूर्ति हेतु 50 लाख झण्डों का उत्पादन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव व रनवीर सिंह, सीओ सदर सोनम सिंह, डीडीओ संजय पाण्डेय, पीडी तेजवन्त सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रदीप पाण्डेय, उपनिदेशक कृषि मुकुल तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी गण, विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी गण आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# मंदी की आशंका में शेयर बाजार क्रैश, सतर्क रहें

भारतीय शेयर बाजार में सुनामी आई है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स ने 2200 अंक से अधिक का गोता लगाया, तो नेशनल स्टॉक एकसचेंज का सूचकांक निफ्टी में 662 अंक की बड़ी गिरावट आई। कच्चे तेल में 1.93 फीसदी की गिरावट आई। प्रथमदृष्टया अमेरिकी मंदी की आशंका में दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ भारतीय स्टॉक मार्केट भी क्रैश कर गया है। इसके चलते निवेशकों को 15.32 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। किसी एक कारोबारी दिन में यह बड़ी गिरावट भी है और चपत भी है। शेयर बाजार में बैंक, आईटी, धातु तथा तेल व गैस शेयरों में बिकवाली हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने से अधिक के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून के बाद एक दिन में यह बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था। निफ्टी में भी चार जून के बाद यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन आम चुनाव के नतीजों के बाद बाजार में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। सेंसेक्स व निफ्टी में शुक्रवार को भी एक प्रतिशत की गिरावट आई थी। शुक्रवार को सेंसेक्स 885 अंक व निफ्टी 293 अंक गिरा था। भारतीय शेयर बजारों के धड़ाम होने की मुख्य वजहों में अमेरिका में मंदी की आशंका, डॉलर की मजबूती, कमजोर रुपये, जापान में येन संकट, इजराइल व ईरान में बढ़ रहा तनाव, वैश्विक स्टॉक मार्केट के कमजोर संकेत, घरेलू कंपनियों के जून तिमाही के कमजोर नतीजे, बाजार का अधिक मूल्यांकन आदि प्रमुख हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को घटकर 441.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। शुक्रवार को यह लगभग 457 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को शुक्रवार को 4.46 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस प्रकार, दो कारोबारी दिनों में उन्हें 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 4.21 प्रतिशत तथा मझोली कंपनियों से संबद्ध मिडकैप 3.60 प्रतिशत नीचे आया। जापान में निक्की 12 प्रतिशत से अधिक टूट गया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में भी तेज गिरावट आई। यूरोपीय बाजारों में तेज गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को उल्लेखनीय गिरावट थी। दरअसल, अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है। अमेरिका में कंपनियों में नियुक्तियां उम्मीद के मुकाबले पिछले महीने धीमी रही। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने एपल में अपनी 50 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी सेलिंग कर रहे हैं। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी ब्याज दर 0% और 0.1% से बढ़ाकर 0.25% कर दी है। ये 15 सालों में उच्चतम स्तर है। इससे भी ग्लोबल सेंटिमेंट कमजोर हुए हैं। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत है, स्टॉक मार्केट के इस झटके का अर्थव्यवस्था पर अधिक असर नहीं पड़ेगा।



तख्तापलट
गीता शुक्ला

# संकट की तरफ जाता बांग्लादेश

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह अपने परिवार के साथ किसी सुरक्षित स्थान पर चली गई हैं। खबरें आ रही हैं कि सेना की सलाह पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके सरकारी आवास पर प्रदर्शनकारी छात्रों ने कब्जा कर लिया है। बंगलादेश में छात्र आंदोलन जिस तरह से फैल रहा था, उसके बाद उनके ऊपर हमले की भी आशंका जताई जा रही थी। हसीना के पद छोड़ने के बाद बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा है कि हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। बांग्लादेश अब सत्ता संकट की ओर जाता दिखाई दे रहा है।

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की मांग पूरी हो गई है, क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। वह अपने परिवार के साथ किसी सुरक्षित स्थान पर चली गई हैं। खबरें आ रही हैं कि सेना की सलाह पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके सरकारी आवास पर छात्रों ने कब्जा कर लिया है। बंगलादेश में छात्र आंदोलन जिस तरह से फैल रहा था, उसके बाद उनके ऊपर हमले की भी आशंका जताई जा रही थी। सेना का एक धड़ा उनसे नाराजगी जाहिर कर रहा था। जमीयत ए इस्लामी के छात्र विंग लंबे समय से आरक्षण को लेकर हिंसक आंदोलन कर रहे हैं। जमीयत ए इस्लामी पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी की सहयोगी राजनीतिक पार्टी है। बीएनपी ने पिछले आम चुनाव का बहिष्कार किया था। चुनाव के बाद भी बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। शेख हसीना की सरकार ने जमीयत ए इस्लामी पर प्रतिबंध लगा दिया था, तभी यह दल उग्र है और देश में हिंसक प्रदर्शन कर रहा है।

शेख हसीना को याद ही होगा कि उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान,मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को सेना के एक तख्तपलट अभियान के चलते कत्ल कर दिया गया था ढाका के धनमंडी स्थित आवास में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियरसाइंटिस्ट थे। वे जर्मनी में ही कार्यरत थे। जाहिर है, अपने पद को छोड़ने का फैसला उन्होंने तब ही लिया होगा जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा होगा। बेशक, बीते रविवार को बांग्लादेश में जिस तरह की हिंसा हुई उसके बाद उनके पास इस्तीफा देने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं था। फिलहाल बांग्लादेश के हालत बेहद खराब हैं और देश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में जा चुका है। वहां आगे क्या स्थिति होगी, कोई नहीं कह सकता। वहां पहले ही हिंसा को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पहले ही बंद कर दी गई हैं।

बांग्लादेश के हालिया इतिहास में बीता रविवार सच में खूनी रहा। किसी भी प्रदर्शन में एक ही दिन में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक थी। सेना ने घोषणा कर दी थी की है कि राजधानी ढाका और अन्य संभागीय और जिला मुख्यालयों में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू होगा। पिछले महीने शुरू हुए प्रदर्शनों के बाद से प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। ये प्रदर्शन छात्रों द्वारा सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को समाप्त करने के आह्वान से शुरू हुए थे। हिंसा के बीच, शेख हसीना कह रही थीं कि जो प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ में शामिल थे, वे अब छात्र नहीं बल्कि अपराधी हैं।

बहरहाल, शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग को व्यापक स्तर पर मिला समर्थन बहुत कुछ कहता है। पड़ोसी देश में पिछले महीने प्रदर्शन शुरू हुए थे जब छात्रों ने एक कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग की थी, जिसके तहत सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में लड़ने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित था। कई दिनों की



झड़पों के बाद, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा को कम कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारी सरकार द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए हिंसा के लिए जवाबदेही की मांग करते रहे हैं। वे हसीना की इस्तीफा मांग रहे थे।

बांग्लादश में विकलांग, ट्रांसजेंडर और जन जातीय अल्पसंख्यकों के सदस्यों के लिए भी नौकरियां आरक्षित हैं, जिनका कोटा 26% से घटाकर 2% कर दिया गया था। बेशक, प्रदर्शन शेख हसीना के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए थे, जो 15 साल से अधिक समय से देश पर शासन कर रही हैं। बीते जनवरी में हुए चुनाव में वह लगातार चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटी थीं, जिसे उनके मुख्य विरोधियों ने बहिष्कार कर दिया था। तब किसी ने सोचा नहीं था कि फिर से सत्तासीन होने के इतनी जल्दी उनके खिलाफ देश में जन आक्रोश भड़क जाएगा। शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग करने वाले लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार की तरफ से आने वाले समझौते के प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया था। लगने लगा था वहां हालात जल्दी सुधरने वाले नहीं हैं।

एक बात साफ है कि बांग्लादेश में आंदोलन नौकरी कोटा को लेकर नहीं रह गया था। लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले वाले इस दक्षिण एशियाई देश में प्रदर्शन एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गए थे। इसने बांग्लादेश समाज के सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित किया, जिसमें फिल्म सितारे, संगीतकार और गायक भी शामिल हैं। अवाम के समर्थन का आह्वान करने वाले रैप गाने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैले थे। शेख हसीना 2009 से बांग्लादेश पर शासन कर रही हैं। उनकी सरकार पर मानवाधिकार समूह सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने और विरोधियों को कुचलने के लिए राज्य संस्थानों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं, जिसमें विपक्षी कार्यकर्ताओं की न्यायिक हत्या भी शामिल हैं। सत्ता निरकुंश प्रतीत हो रही थी।

कहना ना होगा कि भारत सरकार की बांग्लादेश की स्थिति पर पैनी नजर होगी। भारत और बांग्लादेश के संबंध को मजबूत करने में शेख हसीना ने लगातार ठोस पहल की है। भारत सरकार ने पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश को मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना कि भारत ने उनके देश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवार्सित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति और उनके दोनों बच्चे भी थे। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शऱण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। हालांकि अभी यह कहना कठिन है कि क्या वो फिर भारत में राजनीतिक शऱण ले सकती हैं? उनके और उनके परिवार के लिए उनका देश अब कतई सुरक्षित नहीं है। पर कौन जाने कि वह एक बार भारत में शरण लें। खबर है यह भी है कि वह ब्रिटेन में शरण ले सकती हैं। यह तय है कि बांग्लादेश सत्ता संकट की ओर जाता दिखाई दे रहा है। सेना एक बार फिर से बांग्लादेश की कमान संभालती दिख रही है। सेना ने अंतरिम सरकार के गठन का संकेत दिया है। वहो नई सरकार के सामने छात्र आंदोलन को शांत करने की चुनौती होगी, साथ कट्टरवाद से लड़ने की भी।

जाति गणना
प्रो. मनीषा शर्मा



# देश को जातिवाद की खाई में धकेल रही कांग्रेस

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के लोकसभा में राहुल गांधी की जाति पूछे जाने के बाद से देश में जाति को लेकर माहौल गर्माया हुआ है। इससे पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जाति आधारित जनगणना नहीं करने को लेकर लोकसभा में जो बयान दिया उसके बाद से इस विषय पर लगातार बहस जारी है। जातिगत जनगणना को कराए जाने को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने तर्क दे रहा है। विपक्ष लगातार जातिगत जनगणना कराया जाने के समर्थन में अनेक तर्क प्रदान कर रहा है। देश में जातीयता और फूट डालो राज करो की नीति का जो जहरीला बीज अंग्रेज डाल गए थे, कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के नेताओं ने उसे खाद पानी देकर निरन्तर सींचा और अपनी जरूरतों के अनुसार इसका इस्तेमाल किया। आज यह जहर हमारी संपूर्ण फिजाओं में घुल चुका है ।

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में औपनिवेशिक शासन के दौरान हुई। जाति के आधार पर आबादी की गिनती को जातिगत जनगणना कहते हैं इसके अंतर्गत जातियों की उपजाति का भी पता चलता है। उनकी सामाजिक ,आर्थिक स्थिति का भी पता चलता है। देश में हर 10 साल में जनगणना होती है। साल 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी और अब 2021 की जनगणना होनी बाकी है। पहले कोरोना महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था लेकिन अब इस प्रक्रिया को सरकार शुरू करना चाहती है। ऐसे में नेताओं ने 2021 की जनगणना में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग शुरू कर दी। देश में अनुसूचित जाति और जनजाति की जनगणना इसलिए कराई जाती है क्योंकि संविधान के अंतर्गत उन्हें आरक्षण दिया गया है। देश में आखिरी बार जाति आधारित जनगणना 1931 में हुई थी। जब पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का ही हिस्सा थे। आजादी के बाद सरकार ने जातिगत जनगणना को नहीं कराने का फैसला लिया। इससे पूर्व 1951 में भी तत्कालीन सरकार के पास जाति आधारित जनगणना कराने का प्रस्ताव आया था लेकिन तब तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। उनका मानना था कि जातीय जनगणना कराई जाने से देश का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ सकता है। स्वतंत्र भारत में 1951 से 2011 तक की हुई हर एक जनगणना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के आकड़े प्रकाशित किए गए हैं, लेकिन किसी अन्य जातियों के नहीं। वैश्विक फलक पर भारत का लगातार बढ़ता हुआ कद कई बड़ी वैश्विक शक्तियों की आंख की किरकिरी बना हुआ है। ये वैश्विक शक्तियां नहीं चाहती कि भारत एक महाशक्ति के रूप में विश्व फलक पर उभरे। वह आज भी भारत को पिछड़ा और कमजोर राष्ट्र ही देखना चाहती हैं। वही हमारे देश का विपक्ष ऐसे मुद्दों पर ऐसी शक्तियों के साथ लग कर देश में एक तरह से गृह युद्ध जैसा हाल पैदा कर रहा है। जातीय जनगणना की यह मांग जातिविहीन समाज की परिकल्पना के खिलाफ है। यह देश में सामाजिक भेदभाव को बढ़ाएगी और सामाजिक सद्भाव को कम करेगी। इस जातिगत जनगणना का एक विपरीत असर यह भी होगा कि जो जातियां जातीय जनगणना में ज्यादा है वे ताकतवर होगी। वे अपनी ताकत के बल पर अपने लिए हिस्सेदारी मांगेगी ।इससे भी जातिवाद बढ़ेगा समाप्त नहीं होगा। यह समानता के सिद्धांत के खिलाफ ही होगा। जाति आधारित जनगणना के पक्ष में विपक्ष का तर्क है कि यदि सभी जातियों की सही जानकारी पता चले तो उनकी स्थिति के अनुसार भावी योजनाएं बनाने में और लागू करने में सहजता होगी। इससे पिछड़ी जातियों को सहायता प्रदान की जा सकेगी।

यह वही विपक्ष है और ये वही राहुल गांधी हैं जिनके परिवार ने सत्ता में रहते हुए नारा दिया था कि न जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर। यदि जातीय जनगणना देश की समृद्धि का, उन्नति का आधार है तो कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान इसे क्यों लागू नहीं किया? कांग्रेस के शासनकाल में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई ? जो राहुल गांधी विपक्ष में बैठ इसकी पैरवी कर रहे हैं तो वे संसद में अनुराग ठाकुर द्वारा जाति का प्रश्न पूछने पर हंगामा क्यों करने लगे? कांग्रेस और राहुल दोनों का यह दोहरा रवैया हमेशा से रहा है।


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया : गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।


# मन का भोजन हमारे विचार हैं



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *- मदन सेरावत, धमतरी*

## करंट अफेयर

### ईरान के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहे : नेतन्याहू



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश ईरान और उसके समर्थन वाले उग्रवादी समूहों के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। गाजा पट्टी में लगभग 10 महीने से जारी युद्ध और पिछले हफ्ते लेबनान में शीर्ष हिजबुल्लाह कमांडर फौद शुकूर तथा ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद क्षेत्र में व्याप्त तनाव के पूर्ण लड़ाई में तब्दील होने की आशंका बढ़ गई है।
ईरान और उसके समर्थन वाले चरमपंथी समूहों ने हनिया व शुकूर की मौत के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए बदला लेने की धमकी दी है।

## ऑफ बीट

### साइकोमैटिक्स : एआई को समझने में करेगा मदद



कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 'लार्ज लेंग्वेज मॉडल' (एलएलएम) के साथ चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरण इंसानों की बराबरी या उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एआई और जटिल होता जा रहा है, कुछ बुनियादी समस्या भी उभर रही है जैसे कि हमें इसके काम करने के तरीके के बारे में पता नहीं है। जानकारी का यही अभाव शोधकर्ताओं, डेवलपर्स और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहा है। जैसा कि मैथ्यू हटसन ने हाल ही में 'नेचर' लेख में उल्लेख किया

## ट्रेंड

### देशवासियों को बधाई



विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में ऊर्जा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। गैस उत्पादन का यह रिकॉर्ड इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। देशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई!
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खेत में रील



कांग्रेस के एक नेता ने रियल दिखने के लिए खेत में रील बनाई। वहां किसानों से ज्यादा कैमरे थे। ऐसे लोग किस मुंह से खेती-किसानी की बात करते हैं। उन्हें तो खेती किसानी के बारे में कुछ पता ही नहीं, ये किसान की परेशानी को जानते और समझते ही नहीं।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### लोकतंत्र के लिए खतरा



अभी सुप्रीम कोर्ट का लिखित आदेश नहीं आया है, हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सम्मानपूर्वक असहमत हैं। क्योंकि अगर एक चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर दिया जाता है और एक नामित व्यक्ति निर्णय लेता है तो यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है।
-आतिशी, आप नेता

### दूसरे से अलग



इस विशेष मास्टरक्लास में हमारे डिप्लोमा छात्रों के साथ शिल्प और उद्योग के बारे में अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। उन्हें बताया कि अभिनय की दुनिया में अलग दिखने के लिए क्या करना पड़ता है।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## संक्षेप

### ई रिक्शा व बाइक में आमने सामने भिड़ंत युवक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तेज रफ्तार ई रिक्सा और बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी । जिसमें बाइक सवार युवक को गम्भीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नगर के मोहल्ला सराय निवासी रौनक पुत्र अमानत अली आज गुरुवार शाम अपनी बाइक लेकर नगर के लखनऊ मार्ग पर जा रहा था तभी बीएसएनल ऑफिस के सामने सामने से आ रहे एक ई रिक्शा में उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई ।जिसमें बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे आसपास मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### एयरपोर्ट के टर्मिनल- 3 में ऊंचाई पर शीशा लगा रहे मजदूर का पैर फिसलकर नीचे गिरने से मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल- 3 बिल्डिंग में बुधवार रात काफी ऊंचाई पर शीशा लग रहे मजदूर का पैर फिसलने से अचानक नीचे गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन ठेकेदार द्वारा उसे गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाराबंकी जिले के घघसी में रहने वाला मजदूर फैशल (30) राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एनसीसी के तहत ग्लास टेक्नो कंपनी में काम करता था। फैशल बुधवार रात करीब 2:30 बजे एयरपोर्ट की टर्मिनल- 3 बिल्डिंग में प्रस्थान द्वार गेट नंबर 1 के सामने करीब 20 फीट ऊंचाई पर शीशा लगा रहा था। तभी बिना सुरक्षा बेल्ट के काम कर रहे फैशल का अचानक पैर फिसला और वह जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। काफी ऊँचाई से उसके गिरने के कारण वहां पर हड़कम्प मच गया आनन फानन कंपनी के ठेकेदार द्वारा फैशल को गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अमरोहा में यूट्यूबरों की अश्लीलता पर पुलिस ने की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के वासुदेव मंदिर पर अश्लीलता फैलाते हुए वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजीम, निवासी सिहाली जागीर, को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है।

# रुकनापुर व डिहा का संपर्क मार्ग हुआ जर्जर

## साधन सहकारी समिति व राशन की दुकान तक सामग्री लाना हुआ मुश्किल

**20 वर्ष पूर्व बनी थी आर सीसी, रास्ते में ही धंस जाती है गाड़िया**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज से अंतर्गत रुकनापुर खुर्द में रुकनापुर व डीहा का सम्पर्क मार्ग बिल्कुल जर्जर हो गया है। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर आर सीसी रोड का निर्माण लगभग 20 वर्ष पहले हुआ था। उसके बाद से आज तक उस पर न ही रिपेयरिंग हुआ है और न ही कोई नया सडक निर्माण हुआ है। उसी रास्ते पर प्राथमिक विद्यालय, सहकारी समिति, राशन खाद्यान्न वितरण केंद्र, कब्रिस्तान आदि पड़ते हैं। राशन हो या सरकारी समिति की खाद सामग्री हो केंद्र तक नहीं ला पाते हैं, रास्ते में ही गाड़ी धंस जाती है। बाद में ठेलिया से सेंटर तक सामान पहुंचा पाते हैं। यहां तक की अंतिम संस्कार के लिए कब्रिस्तान तक जाना बड़ी मुश्किल हो जाता है। प्राथमिक विद्यालय मे बच्चे स्कूल जाते वक्त बरसात के मौसम में गिर जाते हैं, रास्ता खराब होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान रुकनापुर खुर्द फुजेल अहमद का कहना है कि निधि में इतना पैसा नहीं है कि यह कार्य कराया जाए बाकी मनरेगा से कार्य के लिए खण्ड विकास अधिकारी से परमिशन नहीं मिल रहा है। ग्रामीण मो जावेद का कहना है की सरकार हमेशा विकास कार्य में अथक पर्यासरत रहती हैं लेकिन रुकनापुर खुर्द में जनप्रतिनिधियों को यहाँ की समस्या नहीं दिखती है। साधन सहकारी समिति अध्यक्ष सुनील का कहना है की समिति तक उर्वरक को लाने में काफी समस्या होती है जिस वाहन से उर्वरक को लाते हैं वो रास्ता जर्जर होने के कारण गाडी पहले ही धंस जाती है, फिर ठेलिया से सेंटर तक सामग्री लाने में अधिक धनराशि लगती है जिससे आर्थिक नुकसान भी होता है।

# यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी, एक की हुई घटनास्थल पर मौत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर सर्वो ढाबा के निकट सड़क के किनारे लगा एक यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक गिर गया। जिसकी चपेट में एक वैगन आर कार आ गई। जिससे उसमें बैठे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पेड़ गिरने से सड़क जाम हो गई। सैकड़ो गाड़ियों का जाम लग गया, कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोगों को बढौली से जमल्दीपुर होते हुए घूम कर बहराइच व लखनऊ के लिए रवाना होना पड़ा। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी व हाइड्रा की मदद से पेड़ को हटवाने की कोशिश की। लगभग दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ की ओर से आ रही एक वैगन आर कार नेशनल हाईवे पर सर्वो ढाबा के निकट अचानक सड़क के किनारे लगे यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आ गयी जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा गाड़ी में बैठे एक युवक की दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य मुकेश यादव उम्र 19 वर्ष निवासी गिरंट बाजार थाना मल्हीपुर श्रावस्ती व पंकज सिंह उम्र 31 वर्ष ग्राम पटना घोसियारी थाना रिसिया घायल हो गये। कार का ड्राइवर मौके से भाग निकला। मृतक का नाम व पता अभी तक पता नही चल सका है। इस घटना से अफरा तफरी मच गयी। सड़क के दोनों ओर नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। कैसरगंज पुलिस ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। गाड़ियों को बढौली से जमल्दीपुर परमहंस डिग्री कॉलेज के निकट से बने बाईपास रास्तों से गांव के बीच से गुजरना पड़ा। जिससे कई घंटे तक जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही।

# पिकअप के टक्कर से बालक की मौत

**परिजनों ने शव को सड़क पर रख किया सडक जाम**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज के ग्राम चकपिहानी के मजरे लोधन पुरवा निवासी राजेश कुमार के 12 वर्षीय पुत्र को एक पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक पिकअप लेकर चालक भागा। लेकिन वह आगे जकर चकपिहानी से गंडारा जाने वाले मार्ग पर जाकर पलट गया। परिजनो ने शव को सडक पर रखकर कैसरगंज- हुजूरपुर मार्ग जाम कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही किये जाने आश्वासन दिया तब जाकर जाम खुला। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपू उम्र लगभग 14 वर्ष अपने घर से साइकिल में हवा भरने के लिए सड़क पर गया था कि हुजूरपुर की ओर से आ रही एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने सड़क जाम कर दिया। पिकअप चालक दुर्घटना करने के पश्चात गाड़ी लेकर भागा। लेकिन चकपिहानी से गण्डारा जाने वाले मार्ग पर आगे पलट गया। इस घटना की स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है।

# सकुशल संपन्न हुई त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की मतगणना

**नंदकिशोर वर्मा के सिर सजा प्रधानी का ताज, अरविन्द सिंह बने क्षेत्र पंचायत सदस्य**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की मतगणना गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ब्लॉक मुख्यालय पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मतगणना के परिणाम के अनुसार रामपुर हुसैन बख्श की रिक्त हुई प्रधान सीट के उपचुनाव में नंदकिशोर वर्मा 538 मत पाकर अपने प्रतिद्वंन्दी रामनिवास वर्मा से 132 मतों से चुनाव जीत कर विजयी हुये। 406 मत पाकर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास वर्मा दूसरे स्थान पर रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष हरीश वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष नवाबगंज आनंद पाठक, विनोद पाठक, पिंटू गुप्ता, पवन सिंह सहित दर्जनों समर्थकों ने नव निर्वाचित प्रधान रामपुर हुसैनबख्स नन्दकिशोर वर्मा को फूल मालाओं से लाद दिया एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। वहीं मिजार्पुर चहलवा क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 66 के उप चुनाव की मतगणना मे अरविन्द कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने 682 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी राम छबीले वर्मा को 247 मतों से पराजित किया। राम छबीले वर्मा को मात्र 435 मत प्राप्त हुये। इस मौके पर पवन कुमार सिंह, शेरखान, कमलेश सिंह, राजीव कुमार सिंह सहित गांव के सैकड़ों समर्थकों ने नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य अरविंद कुमार सिंह को माला पहना कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

## निराश्रित महिला पेंशन के लिए खाते का एनपीसीआई आवश्यकः डीएम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना अन्तर्गत एनपीसीआई (नेशनल पेमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया) से आधार मैपिंग न होने के कारण नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के 7463 निराश्रित पेंशनधारकों के पीएफएमएस अस्वीकृत कर दिये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संलग्न सूची के अनुसार अपने स्तर से लाभार्थियों को सूचित कराएं कि वे बैंक शाखा में वांछित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर एनपीसीआई मैपिंग करा लें।

## नगर में चलाया जा रहा है विशेष सफाई अभियान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। शासन के निर्देश पर नगर पंचायत गंजमुरादाबाद द्वारा सारथी क्लब के सहयोग से 7 अगस्त से 11 अगस्त तक नगर में एक विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नगर क्षेत्र की विशेष साफ-सफाई कराने के साथ ही नागरिकों व विद्यालयों के बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। नगर पंचायत गंज मुरादाबाद द्वारा शासन के निर्देश के अनुपालन में आज नगर के प्राथमिक विद्यालय में एक जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारी फजलुर्रहमान ने सभी उपस्थित जनों को साफ-सफाई के प्रति जागरुक करते हुए इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही पूरे नगर क्षेत्र में साफ सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय स्टाफ के साथ ही नगर पंचायत कार्यालय का भी स्टाफ मौजूद रहा।

## खेत जा रहे युवक को दबंगो ने पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत जप्सरा गाँव में पुरानी रंजिश को लेकर खेत मे दवा डालने जाते समय युवक के साथ कुछ लोगो ने मारपीट कर डाली। पीड़ित के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जप्सरा गाँव निवासी हिमांशू सिंह पुत्र दिलीप सिंह ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे वह अपने खेत मे लगे धान में दवा डालने जा रहा था तभी रास्ता रोक कर श्यामू पुत्र राम नाथ , नन्द प्रकाश पुत्र गोवर्धन, गोलू पुत्र नन्द प्रकाश संजय पुत्र अयोध्या निवासी रामप्रसादखेड़ा गाली गलौज करते हुए लाठी डन्डों से मारा पीटा जिससे मुझे काफी चोटे आयी है मेरे हल्ला गुहार पर गांव के काफी लोग आ गये थे जिन्होंने बीच बचाव किया उसके बाद ये सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये थे। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया तहरीर व मेडिकल के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बदहाल मार्ग पर बरसात में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## मुख्य मार्ग दुरुस्त कराए जाने की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नवाबगंज विकासखंड के गोपालपुर में खस्ताहाल मुख्य मार्ग पर जल भराव होने की वजह से कीचड़ पैदा होता है जिससे लोगों को निकलने में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। गांव के लोगों का आरोप है कि गांव में विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आज उग्र होकर प्रदर्शन किया है। लोगों ने बताया है कि गांव का इकलौता मुख्य मार्ग है जो की पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त है। शासन प्रशासन द्वारा ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा जा रहा। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने इस मामले को उठाया है। ग्रामीण सुंदरलाल, शेखर मिश्रा, हसनु गौतम, भोंदू गौतम, रामकिशन, त्रिभुवन वर्मा, धर्मराज यादव, नवरासी ने कहा है कि पिछले 7 वर्षों से गांव में इस मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है काफी समय पहले खड़ंजा निर्माण कराया गया था जो की पूरी तरीके से बदहाल हो चुका है। आवागमन करने में जरा सी चूक होने पर गिरकर काफी लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने जिले के विकास से जुड़े उच्च अधिकारियों से गांव को जाने वाले मुख्य मार्ग को लेकर मार्ग निर्माण कराए जाने की प्रदर्शन कर मांग की है।

## नौ अगस्त को विकास भवन सभागार में आयोजित होगा ई-लॉटरी कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में प्रमोशन आफ एग्रीकल्वर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से 09 अगस्त 2024 को अपरान्ह 4 बजे विकास भवन सभागार बहराइच में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों ने प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने के लिये आवेदन किया गया है। वह 09 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित होने वाली ई लॉटरी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। इसदौरान जो किसान अनुपस्थित होंगे। उन्हे ई लॉटरी चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद

## बोले-भारत शरण देना भारत की संस्कृति, सरकार से भारतीयों को बांग्लादेश से वापस लाने की अपील

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा के सैदनंगली नगर पंचायत में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में पहुंचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जाम का निशाना साधा। वहीं, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने पर उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति रही है कि वह शरणागत को शरण देता है। सैदनंगली नगर पंचायत में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य द्वारा कल्कि पीठाधीश्वर को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए धरती पर भगवान के अवतार भगवान श्री राम तथा श्री कृष्ण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके साथ-साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को भारतीय धर्म,संस्कृति, जीवन के मूल्यों तथा उनका जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इसके बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक पौधा विद्यालय परिसर में रोपित किया। वहीं उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों के सवाल बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में आने पर जवाब देते हुए बताया कि भारत की संस्कृति रही है कि वह अपने देश में शरणागत को शरण देता है।

# बिना एस्टीमेट के अवैध रूप से विधुत कनेक्शन के मामले में नही हो सकी पूरी जांच

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित नादरगंज पावर हाउस से जुड़ी गोल्डन सिटी कॉलोनी, अलीनगर सुनहरा में बिना एस्टीमेट के अवैध रूप से दो खभों की सिंगल फेस एबीसी विद्युत लाइन बनाकर दिए गए विद्युत कनेक्शन के मामले में अभी तक जांच पूरी नहीं हो सकी है। हालाकि उच्च अधिकारियों द्वारा अखबारों में खबर छपने के बाद बीती 27 जुलाई को ही इस मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। विभागीय सूत्रों की माने तो खबर को संज्ञान में लेकर अधीक्षण अभियंता ने उसी दिन इस कार्य क्षेत्र से जुड़े अवर अभियंता को अपने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ भी की थी। इसके अलावा मामले की गिरफ्त में आ रहे विद्युत अधिकारियों / कर्मचारियों ने उक्त विद्युत लाइन का एबीसी केबिल उतारने की योजना बना डाली। लेकिन दिए गए दो टेंपरेरी कनेक्शन में से एक कनेक्शन परमानेंट हो जाने के कारण वह इसमें कामयाब नहीं हो सके। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस मामले को लेकर अधीक्षण अभियंता ने भी बीते दिनों नादरगंज पावर हाउस पहुंचकर संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों से बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद जांच के घेरे में आ रहा अवर अभियंता अधीक्षण अभियंता के घर और कार्यालय के चक्कर लगाने लगा। वहीं इस मामले में मध्यांचल विद्युत वितरण खंड शेष प्रथम के अधिशासी अभियंता अवनीश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच प्रक्रियाधीन है। सोमवार तक पूरी कर ली जाएगी। बताते चलें कि विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के बाद नादरगंज पावर हाउस से जुड़े गोल्डन सिटी कॉलोनी, अलीनगर सुनहरा में बिना एस्टीमेट के 16 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर से दो खम्भों तक एबीसी केबिल की सिंगल फेस अवैध विद्युत लाइन बनाकर दो विद्युत कनेक्शन देने की बीती 27 जुलाई को खबर छपी थी।

# घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव हिश्यामपुर में बीती रात छत के रास्ते से घुसे चोरों ने घर मे घुसकर तीस हजार रुपये नगद सहित लाखो के जेवरात चोरी कर लिये। पीड़ित ने थाने में पहुँचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ देकर कार्यवाही करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के हिश्यामपुर निवासी विश्व बालक सिंह पुत्र गुलाब सिंह ने थाना बारासगवर को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात मैं व मेरे परिवार के लोग खाना खाकर सो गए । शुबह जब नींद खुली घर के कमरे के हालात देख होश उड़ गए। देर रात अज्ञात चोर मेरी छत के उपर बने कमरे के दरवाजे की जंजीर काट कर मेरे घर के अन्दर मेरे कमरे में आ गए व बक्से , अलमारी आदि का ताला तोड़ 5 सोने की अंगूठी, चैन , मंगलसूत्र, लाकेट, 5 जोडी तोडिया, 8 जोडी बिछिया, 2 जोडी कान की झुमकी, बच्ची की तोडिया करधनी, सहित जिसकी कीमत लाखो रुपये है के साथ घर में रखा हुआ तीस हजार रुपये नगद चुरा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है,जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सुल्तानपुर में उप संभागीय कार्यालय में छापेमारी

- एआरटीओ नंद कुमार ने चार दलालों को पकड़ा, चौकी इंचार्ज के किया हवाले

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में उप संभागीय कार्यालय में एआरटीओ की छापेमारी से हड़कंप मच गया। इस बीच चार दलाल पकड़े गए। अमहट चौकी इंचार्ज, टीएसआई और एआरटीओ ने संयुक्त रूप से ये छापेमारी की है। दरअसल उप संभागीय कार्यालय में लगातार दलालों के प्रवेश की खबर प्रशासन को मिल रही थी। जिसको संज्ञान लेकर डीएम कृतिका ज्योत्सना ने एआरटीओ को छापेमारी कर दलालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस आदेश पर एआरटीओ नंद कुमार ने बड़ी कार्रवाई की। एआरटीओ ने अमहट चौकी इंचार्ज और यातायात प्रभारी की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की तो कार्यालय में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में दलाल बाउंड्री कूदकर और गेट से बाहर भाग निकले। हालांकि इस छापेमारी में चार दलाल पकड़े गए। दलाल सुनील कुमार मौर्या, दीपक सिंह, बृजेश कुमार और परशुराम पकड़े गए हैं। एआरटीओ नन्द कुमार ने बताया कि पकड़े गए चारे आरोपियों को चौकी इंचार्ज के हवाले किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन और प्रशासन के निर्देश पर कार्रवाई की गई है, जो आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षेप

### सीतापुर में अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या का खुलासा

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में एक सप्ताह पूर्व शराब के नशे में अधेड़ व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडे को भी बरामद करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। वारदात की पीछे की वजह आरोपियों और मृतक के बीच एक साथ शराब पीने के बाद हुआ विवाद वजह बना था। मामला महोली कोतवाली इलाके का है। यहां कोतवाली इलाके के गांव उमरिया निवासी राजकिशोर सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र मनोहर सिंह की डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी गई। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव निवासी छैलबिहारी उर्फ छैलू पासी पुत्र रतन लाल, शिवनरायन उर्फ छंगा पुत्र कटोरी पासी व सूरज उर्फ देवा पुत्र अनंतराम पासी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक राजकिशोर सिंह, छैलबिहारी, शिवनरायन, सूरज के साथ गांव के तिराहे पर 31 जुलाई की रात शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर मृतक और तीनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी ने डंडे से सिर के ऊपर कई बार प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर तफ्तीश शुरू की और हत्या की अहम वजह शराब पीकर आपस में विवाद होना पाया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपी छैलबिहारी, शिवनरायन, सूरज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352,105 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त आलाकत्ल लाठी और डंडे को भी बरामद कर सभी को जेल भेज दिया है।

### मेरठ में व्यापार मंडल ने नगर आयुक्त को घेरा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का घेराव किया। उन्होंने बाजारों की साफ-सफाई समेत अन्य समस्याओं का समाधान मांगा। उन्होंने कहा कि जीआइएस सर्वे में बढ़ा गृहकर बिल से व्यापारी समेत आम आदमी परेशान है। नगर निगम को इस पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। अगर मांग नहीं मानी तो व्यापार संघ बड़ा आंदोलन करेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आशु शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी नगर निगम पहुंचे। उन्होंने नगर आयुक्त डॉ. अमित पाल शर्मा का घेराव करते हुए ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने कहा कि जीआइएस सर्वे में बनाए गृहकर का व्यापार मंडल विरोध करता है। इसके साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की व्यवस्था सुधारने की मांग की, प्रवर्तन दल की शिकायत की। व्यापारियों ने कहा कि दुकानदारों का शोषण बंद किया जाए। बाजारों में जल भराव और गंदगी के चलते कारोबार पर असर पड़ रहा है।

# देवरिया में डीएम के आदेश के बाद ठेकेदार पर मुकदमा-दर्ज

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में मिली थी अनियमितता, विधायक ने भी की थी शिकायत**

अमन लेखनी समाचार

देवरिया, देवरिया जिले के विशुनपुरा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गुणवत्ता विहीन भवन बनने के मामले में मेसर्स अंकित इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर चंदा जायसवाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यूपीआरएनएसएस के अधिशासी अभियंता की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है। जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र के विशुनपुरा बाजार में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण एक वर्ष पूर्व हुआ था। चार माह पूर्व इस भवन को स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया था। इसमें इलाज शुरू हो गया था। पूरा



भवन 189.79 लाख रुपये से कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस से ई टेंडरिंग के जरिये मेसर्स अंकित इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर चंदा जायसवाल निवासी कन्नौजिया वार्ड पूर्वी पडरौना ने बनाया था। बरसात की पहली बारिश में ही अस्पताल परिसर में बने फार्मासिस्ट भवन का छज्जा टूट गया। दीवारों में जगह-जगह दरार आ गई। छत से पानी टपकने लगा था। इसकी शिकायत रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने भी की थी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इसे गंभीरता से लिया और जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद फर्म को ब्लैक लिस्ट करने और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। सोमवार को यूएपीआरएनएसएस के अधिशासी अभियंता विनय कुमार सिंह ने ठेकेदार और फर्म के विरूद्ध तहरीर दी थी। बघौचघाट थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि एक्सईएन विनय सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बलिया में गोवंशों से भरा पिकअप पकड़ा

- पैर-मुंह बांध कर ले जा रहे दो पशु तस्कर गिरफ्तार, बिहार लेकर जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार

बलिया, बलिया के बैरिया इलाके में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जो गोवंशों को बेरहमी से पिकअप में भरकर ले जा रहे थे। तस्करों ने गोवंशों के पैर और मुंह बांधकर उन्हें भूसे की तरह पिकअप में ठूंस रखा था। पुलिस ने सात गोवंशों के साथ एक पिकअप भी जब्त किया और आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस को यह सफलता मुखबिर की सूचना पर मिली। जानकारी के अनुसार, तस्कर गोवंशों को महुली घाट के रास्ते बिहार के बूचड़खानों में पहुंचाने के लिए ले जा रहे थे। सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान ने बताया कि बैरिया थाने के चौकी इंचार्ज चांद दियर पवन कुमार ने टोला शिवन राय तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप में तीन व्यक्ति गोवंशों को मांझी घाट के रास्ते बिहार ले जा रहे




हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सतर्कता से वाहन की जांच शुरू की और एक बोलेरो पिकअप को रोका, जिस पर काले रंग का त्रिपाल बंधा था। जांच के दौरान, पुलिस को पिकअप में पांच गाय और दो बछड़े मिले, जिनके मुंह और पैर बंधे हुए थे।

गोवंशों के साथ क्रूरता को देखकर पुलिस ने तस्करों अमित कुमार और तारकेश्वर राय को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों आरोपी भोजपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, जिन्होंने गोवंशों के साथ क्रूरता के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की थी।

## स्कूल से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़

**किशोरी ने मनचले को मारा थप्पड़, दोनों आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, बुलंदशहर में स्कूल से घर जाते समय छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। खानपुर कस्बे में मनचले ने रास्ते में छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने मनचलों की पिटाई कर दी। छात्रा के मनचले की पिटाई करने के बाद आरोपी मनचले ने छात्र के साथ भी मारपीट की। पूरा मामला पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना का पता चलने पर गुस्साए परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। मामले में पुलिस ने पीड़िता के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। पीड़िता के चाचा भूपेन्द्र ने बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी नगर में स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए गई थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह साइकिल से मुख्य बाजार के रास्ते घर वापस लौट थी। आरोप है कि बाजार में परचून की दुकान से निकलकर समुदाय विशेष के दो बाइक सवार मनचलों ने उसकी भतीजी से छेड़छाड़ कर उसे आगे रुकने के लिए कहा। जिसका विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की। दोनों युवक छात्रा को धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता छात्रा ने परिजनों को फोन कर सूचना दी। गुस्साए परिजन पीड़िता को थाने लेकर पहुंचे और दोनों समुदाय विशेष के युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया है। जिस कारण मनचलों के हौसले बुलंद है। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर अफसान और मोइन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीतापुर के ग्रामीण इलाकों में बिजली विभाग की मनमानी

- अघोषित कटौती से जनता परेशान, ट्रांसफार्मर भी खराब

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर के ग्रामीण अंचलों में बिजली अधिकारियों की मनमानी का नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। जरा सी हवा चलने पर घंटों गायब रहने वाली बिजली को लोग देखने को तरस जा रहे हैं। गांवों में बिजली आपूर्ति का कोई समय निर्धारित न होने से अब ग्रामीणों में आक्रोश व्यापत हो रहा है। मामला तंबौर थाना इलाके का है। यहां क्षेत्र के ग्रामीण पंकज सिंह, राजा तिवारी, शिवकुमार, प्रकाश, संतोष गुप्ता, सालिक राम, शिवकुमार मौर्य, जितेंद्र ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती के चलते परेशानी हो रही है। बिजली कर्मी फोन तक नहीं उठाते हैं। वहीं, बिजली कर्मियों की मनमानी का यह आलम है कि वह इलाके के ग्राम बभेला में पिछले दो सप्ताह से रखा ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। गांव के लोगों ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की गई पर कहीं सुनवाई नहीं हुई। जिसके कारण एक हजार की आबादी को बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि 25 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखे हैं। इसी से आटा चक्की, टावर सहित क्षमता से अधिक लोगों ने तार जोड़ रखे हैं। नतीजे में पिछले दो महीने में चौथी बार ट्रांसफार्मर फुंका है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड के चलते आए दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। टाउन में जहां रोस्टर बेईमानी साबित हो रहा है, वहीं ग्रामीण इलाकों में मनमर्जी के मुताबिक बिजली सप्लाई दी जा रही है।

# सीतापुर में ओवरलोड डंपर ने 6 वर्षीय मासूम को रौंदा

**मासूम की दर्दनाक मौत, पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया**

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में ओवरलोड एक डंपर ने सड़क पार कर रहे एक 6 वर्षीय किशोर को रौंद दिया। हादसे में मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर मौके से भाग रहे दम पर चालक को वाहन सहित ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज कर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना थानगांव थाना इलाके की है। यहां एक ओवरलोड डंपर की टक्कर से परिवार में कोहराम मचा मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम चिरैया निवासी मुनेश्वर का 6 वर्षीय पुत्र शिवम सड़क किनारे लगे पेड़ो से फूल तोड़ने गया था। बताया जाता है कि महमूदाबाद मार्ग की तरफ से आ रहे मौरंग से लदे ओवरलोड डंपर ने सड़क पार कर रहे किशोर शिवम को रौंद दिया। ग्रामीणों ने बताया कि डंपर की टक्कर के बाद डम्पर मासूम की ऊपर से गुजर गया, जिससे मासूम के शव क्षतविक्षत अवस्था मे सड़क पर चिपक गया। तस्वीरे देखकर किसी का भी मन दहल जाएगा। हादसे के बाद मौके से भाग रहे डंपर चालक और वाहन को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर वाहन चालक और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।


# सिकंदराबाद में सड़क किनारे मिला युवक का शव

- शिनाख्त की तलाश में जुटी पुलिस, मौत के कारणों का नहीं चला पता

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के सिकंदराबाद में सड़क किनारे युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की जामा मस्जिद कट के पास जीटी रोड पर एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को




कब्जे में लिया। और शिनाख्त करने की तलाश में जुट गई। घंटे बाद शव की शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी रवि रतन सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# टेढवा में लोगों को नहीं मिली हर घर जल योजना

**डेढ़ सालों के बाद नहीं पूरा हुआ काम, दर्जनों गांव होने थे लाभान्वित**

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर जनपद में हर घर जल योजना का कार्य लगभग हर तहसील और ब्लॉक में चल रहा है। जिसके चलते क्षेत्रों में निर्माण कार्य लगभग 2 वर्षों से चालू है लेकिन अभी तक किसी ग्राम पंचायत को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। लोगो की माने तो इसका लाभ कभी नही मिलेगा यदि ऐसा काम होगा तो। बलरामपुर के तमाम ग्रामों में लगने वाले हर घर जल योजना का लाभ ठप नजर आ रहा है। मामला बलरामपुर के विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत टेढवा का है जहां पर हर घर जल योजना का कार्य लगभग डेढ़ वर्षों से चल रहा है। लेकिन लाभ लोगों को अभी तक नही मिल पाया है। वही स्थानीय ग्रामीण राजेश यादव,कल्लू,भिखारी, लालता आदि का कहना है कि केवल टैंक एक वर्ष



बाद बन पाया है तो लाभ इसका कब मिलेगा कुछ नही पता है। लोगो का कहना है कि कुछ महीनो पहले तक हर रास्तों को खोदते हुए पाइप डाली गई है। लेकिन उसका लाभ हम लोगो को नहीं नजर आता है। लोगो का कहना है कि इसी तरह कार्य चला तो इसका लाभ मिलना मुश्किल है। लाभ मिले भी या ना मिले कुछ कहा नहीं जा सकता है। इस क्षेत्र में चल रहा हर घर जल योजना का लाभ लगभग दर्जनों गांव को मिलना है लेकिन कार्यों में हो रही मंदी को देखते हुए ग्रामीणों में काफी निरसा देखी जा रही है। क्षेत्रीय लोगो का कहना है कि सरकार की तमाम योजनाएं चलती है लेकिन इस क्षेत्र के लोगो को मिलना बड़ी मुस्किल वाला काम है। लोगो का कहना है कि सरकार की तमाम योजनाएं है जो हम लोगो को नाम मात्र ही मिल रही है। हो सकता है इसका लाभ भी उसी तरह मिले । इस क्षेत्र के लोग कहते है कि इस योजना का लाभ कब मिलेगा। इसका कोई अंदाजा नहीं है लेकिन खोद कर सड़क किनारे पाइप डाली गई है जिसकी वजह से सड़के खराब हो गई है। लोगो को चलने में काफी दिक्कत हो रही है। लोगो का कहना है बारिश का समय है जिसकी वजह से और भी दिक्कत हो रही है। गांव की सड़क वैसे पतली होती है उसके किनारे खोदे जाने के कारण और अधिक दिक्कत हो रही है।

# पुलिस ने कार में तमंचा रखकर कार का किया चालान

- वीडियो सामने आने पर एसएसपी ने चौकी इंचार्ज और दो सिपाहियों को किया सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, शिकारपुर पुलिस का इन दिनों एक वीडियो सामने आया है। जिसमें पुलिसकर्मी स्वयं एक युवक की गाड़ी में तमंचा रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिर पुलिस द्वारा उसी रखे हुए तमंचे को अवैध तमंचा दिखाकर गाड़ी चालक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। गाड़ी चालक युवक की पहचान अमित कुमार पुत्र दिनेश निवासी ग्राम करीर कोतवाली शिकारपुर का बताया जा रहा है। जिसे शिकारपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 21 जुलाई को चेकिंग अभियान में अवैध असलहा



तमंचा बरामद कर युवक की स्विफ्ट गाड़ी को सीज करते हुए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था। ये पूरा घटनाक्रम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने थाना प्रभारी सहित कस्बा चौकी इंचार्ज एवं दो सिपाहियों सहित दो होम गार्डों को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच एसपी क्राइम को सौंपी गई है।

# बंद मकान से लाखों के आभूषण व नगदी चोरी

**जांच में जुटी पुलिस, सिकंदराबाद नगर का मामला**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के सिकंदराबाद कोतवाली नगर के रामबाड़ा मोहल्ला में किशन तालाब के पास एक बंद मकान से चोरों ने सोने चांदी के आभूषण व नगदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित श्रवण कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 31 जुलाई को अपने रिश्तेदार के यहां गया हुआ था। जब वह शाम को वापस लौटा तो उसने देखा कि घर के कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखे पंद्रह हजार नगद व लाखों रुपए की कीमत के सोने व चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो पता चला कि चोर घर में सीढ़ी लगा कर घुसा था। मामले में इस्तेमाल की गई सीढ़ी किशन तालाब मंदिर से चोरी की बताई जा रही है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि मंदिर से सीढ़ी चोरी करने वाले चोरों ने ही बंद मकान में घुसकर घटना को अंजाम दिया है।

# सीतापुर में युवक की मौत

- मां ने शिकायत के बाद कार्रवाई न करने का लगाया आरोप, घर से निकले युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में घर से खेतों की तरफ निकले एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों मैं बेहोशी की हालत में मिला। आनन फानन में परिजनों उसे लेकर निजी चिकित्सालय पहुंचे, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने युवक के चाचा सहित परिवार के ही तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों ने पुलिस पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। घटना सदरपुर थाना इलाके की है। यहां के ग्राम हुसैनपुर निवासी अंशुल पुत्र किशोरी लालाजी का अपने चाचा



विशंभर और ग्राम प्रधान सत्येंद्र सहित परिवार के ही विजय इसके साथ दो दिन पूर्व विवाद हो गया था। मृतक की मां का आरोप है कि तीनों लोगों ने उसके बेटे को खेतों में परिवार सहित बेरहमी से मारा पीटा था, जिसकी शिकायत परिवार ने पीड़ित के साथ जाकर पुलिस चौकी पर की थी। शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। मृतक की मां रमावती का आरोप है कि सोमवार की देर शाम अंशुल घर से खेतों की तरफ शौच के लिए गया था। काफी देर तक वापस न आने पर ग्रामीणों की सूचना पर जब खेतों की तरह पहुंचे तो अंशुल अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। निजी चिकित्सालय में भर्ती होने के दौरान अंशुल ने देर रात दम तोड़ दिया। मृतक की मां ने चाचा विशंभर सहित परिवार के ही तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की मां ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अपने बेटी की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया- शव कर किसी प्रकार के चोट के निशान नही मिलें है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है अगर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में किसी प्रकार की मारपीट की पुष्टि होती है तो तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक का शव फांसी के फंदे पर मिलने से हडकंप मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा । थानाक्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर गांव मे उस समय हडकंप मच गया जब गांव निवासी मोहम्मद लईक उम्र लगभग तेईस वर्ष का शव सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने गांव के किनारे स्थित बाग मे फांसी के फंदे पर झूलता देखकर दंग रह गए जहां भारी संख्या आसपास के लोग इकट्ठा हो गए ।जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन रोते बिलखते बताया कि एक दिन पूर्व घर से निकला था जिसे हम लोग ढूंढने मे जुटे थे ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से शव उतरवाकर परिजनों से पूंछतांछ करने के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक नदारद

**चोरियों की आई बाढ़ पुलिस हुई लाचार**

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी। बीती रात्रि अज्ञात चोर दरवाजे पर खडी बाइक लेकर फरार हो गए सुबह भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की। थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित पूरे ठकुराइन मजरे देवकली निवासी अफसार ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि बीती रात रोज की भांति दरवाजे पर अपनी बाइक खडी कर सोने चला गया सुबह उठकर शौच हेतु गांव के निकट स्थित मैदान को चला गया जहां से वापस आने पर देखा तो उक्त स्थान से बाइक नदारद है जिसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं सका ।थकहार कर भुक्तभोगी ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाई की मांग की।इस सम्बन्ध मे कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच पड़ताल जारी है ।

# प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ पोर्टल पर रिपोर्ट जरूर अपलोड करें : सीएमओ

**पीएसआई इंडिया के सहयोग से जिला महिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों का ओरिएंटेशन**

**कार्यक्रम में जिला महिला अस्पताल की डॉक्टर, स्टाफ नर्स, एएनएम, वार्ड आया ने लिया भाग**

अमन लेखनी समाचार



झांसी।जिला महिला अस्पताल में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के सहयोग से जिला महिला अस्पताल के चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुधाकर पांडेय ने की।कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के साथ ही प्रसव पश्चात गर्भ निरोधक सेवाओं को प्रदान करने के बारे में चर्चा हुई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिवार कल्याण डॉ. एन. के. जैन व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजनारायण ने कहा कि परिवार कल्याण सेवाओं को प्रदान करने की रिपोर्ट समय से हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में पीएसआई-इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन अनिल एवं जिला अस्पताल की डॉ. प्रियंका ने प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात और गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं के बारे में चर्चा करने के साथ ही चिकित्सालयों में प्रदान की जाने वाली प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं की मासिक रिपोर्ट एचएमआईएस पोर्टल पर निश्चित रूप से अपलोड करने की अपेक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों और स्टाफ से कहा गया कि वह हर माह की 21 से 20 तारीख तक प्रसव संबंधी सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु जन्म रिपोर्ट अनिवार्य रूप से कार्यालय भेजें और रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिवार कल्याण ने कहा कि सभी स्टाफ व आशा कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि समय पर दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, एएनएम, वार्ड आया और एचएमआईएस ऑपरेटर के साथ में पीएसआई इंडिया से अनिल द्विवेदी और चोब सिंह उपस्थित रहे।

# मजदूर यूनियन का चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



मुसाफिरखाना, अमेठी। स्थानीय कस्बे में ई रिक्शा चालकों ने अवैध रूप से धन उगाई करने का आरोप लगाते हुए तहसील कार्यालय तक चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम प्रीति तिवारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ई रिक्शा चालक एवं मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दिवाकर दुबे के नेतृत्व में स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया है।

गुरुवार को बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक एवं मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दिवाकर दुबे के नेतृत्व में ई रिक्शा चालकों ने जोगी बीरन में एक बैठक करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के संरक्षण में ठेकेदार द्वारा बीते 01 जुलाई से प्रति ई रिक्शा 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अवैध रूप से वसूली करने पर गहरा आक्रोश जताते हुए स्थानीय कस्बे में प्रदर्शन किया । ई रिक्शा चालकों ने तहसील कार्यालय पहुंच कर एसडीएम प्रीति तिवारी को ज्ञापन सौंपा ।संघ ने एसडीएम प्रीति तिवारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है ।इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा व युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जे बी यादव ने कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन मे शामिल होकर उनकी मांग का समर्थन किया। इस मौके पर अजय मिश्रा, अरविन्द, रामजग, अमर, विक्रम, रोहित, राकेश सिंह,बृज मोहन, आशीष कुमार, सचिन गुप्ता, बंटी गुप्ता, जय बहादुर सहित दर्जनों रिक्शा चालक मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आज जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत कादूनाला स्थित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकार मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा शहीद स्मारक स्थल पर देशभक्ति गीतों पर आधारित बैंड वादन किया गया। इसी के साथ ही सहित स्मारक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहीद स्मारक स्थल पर काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देशभक्तों को याद किया गया। इसके अतिरिक्त काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों व भाषण तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में गोष्ठी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, सात्विक श्रीवास्तव, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्र, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। इसके साथ ही काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

# सदर विधायक ने लगाए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी पर गंभीर आरोप

**विधायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दे हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। लापरवाही व गलत इलाज के चलते वृद्ध की मौत की सूचना के उपरांत पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए सदर विधायक अचानक जनपद के ग्राम धुँधपुर पहुंचे। जहाँ उन्होंने सीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बाद भी मुख्यचिकित्साधिकारी ने आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्रवाई अमल में नहीं लायी गयी जिस कारण यह हादसा हुआ है। पूर्व में भी डॉक्टर की लापरवाही के चलते एक और महिला की मौत हो चुकी है ।इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार के साथ जनप्रतिनिधियों की छवि को धुलधुसित कर सरकार को बदनाम कर रहे हैं ।ज्ञातब्य हो कि जनपद के ग्राम धुंधपुर निवासी हरी निषाद की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी ।जिस पर परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने और लापरवाही बरतने की वजय से मौत होने का आरोप लगाया था। जिसकी सूचना पाकर सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ग्राम धुंधपुर पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिसके उपरांत विधायक ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि भ्रष्ट्र अधिकारियों के चलते आम जनमानस में सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की छवि खराब हो रही है ।विधायक ने कहा कि इस डॉक्टर के खिलाफ ग्रामीण लगातार शिकायतें सीएमओ से कर रहे थे लेकिन सीएमओ ने कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजा यह हुआ कि गलत उपचार से एक बेकसूर व्यक्ति की जान चली गई। विधायक ने आरोप लगाया है कि जिले में सैकड़ो की तादाद में झोलाछाप डॉक्टर बगैर रजिस्ट्रेशन के उपचार कर रहे हैं और सैकड़ों पैथोलॉजी बगैर पंजीकरण के चल रही हैं। यह सभी गरीब जनता का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह सीएमओ की कार्य प्रणाली की शिकायत मुख्यमंत्री से करके कार्यवाही की मांग करेंगे।

# मूंज क्राफ्ट शिल्पियों को सिखाया उद्यमिता के गुण



अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी ।क्षेत्र की बरसंडा ग्राम पंचायत में गुरुवार को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी द्वारा प्रायोजित एक मासिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में मूंज शिल्पियों को विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट बनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई उपरोक्त जानकारी संस्था के अधिकारी राकेश शुक्ला ने दी अपने व्याख्यान में राकेश शुक्ला ने सभी युवाओं मूंज से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में प्रकाश डाला उन्होंने आगे बताया कि आपकी परियोजना रिपोर्ट बनाई जाएगी और बैंकों से संपर्क कर वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे कि आप अपने उत्पादों को आसानी से बना सके और उपलब्ध बाजारों में आसानी से भेज सके आपके उत्पादों के विपणन की लिए एक आउटलेट बनाया जा रहा है जहां पर आसानी से उत्पादों का प्रचार प्रसार किया जाएगा उसे आसानी से करे कर सकेंगे इस अवसर पर सुरेश हरिकेश किरण शिखा लल्लन राजदुलारी फूलमती निर्मला स्वामी ओम कुमारी मनजीत, अमरनाथ, रूचि, राम गुलाम आदि लोग उपस्थिति थे

# बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लिए बनाए गए शरणस्थल, जारी हुआ फोन नम्बर

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर।वर्तमान में गांगा का जल स्तर 62.080 मी0(समय 01.00 बजे) है जनपद गाजीपुर में कुल 44 बाढ़ शरणालय चिन्हित किये गये है। जिसमें तहसील सदर के अन्तर्गत श्री नृसिंह सिंह दामोदर पूरी जू0हा0 दीनापुर, आर्दश बाढ़ शरणालय इण्टर कालेज करण्डा, आर्दश बाढ़ शरणालय इण्टर कालेल गोसन्देपुर, आर्दश बाढ़ शरणालय राममूरत महिला महाविद्यालय बड़सरा तहसील मुहम्मदाबाद के अन्तर्गत सेमरा प्राथमिक विद्यालय तहसील जमानियां के अन्तर्गत शिवपूजन इण्टर कालेज मलसा तहसील सैदपुर के अन्तर्गत जसवन्त राय स्मारक इण्टर कालेज गोरखा तहसील सेवराराई के अन्तर्गत नेहरू विद्यापीठ इण्टर कालेज रेवतीपुर क्रियाशील किये गये है। जल स्तर बढ़ने पर आवश्यकतानुसार और भी शरणालय क्रियाशील किया जायेगा। वर्तमान समय में बाढ़ के पानी से कोई भी तटवर्ती आबादी वाला गांव प्रभावित नही है। खतरा बिन्दु 63.105 मी0 के बाद आबादी प्रभावित होने की सम्भावना है। जनपद में क्रियाशील बाढ़ शरणालय तहसील सदर मे श्री नृसिंह दामोदर पूरी जू0हा0 दीनापुर ।(कम्पोजिट विद्यालय दीनापुर), नोडल अधिकारी का नाम अजय वर्मा, नायब तहसीलदार मो0नं0- 9415585033, इण्टर कालेज करण्डा, नोडल अधिकारी राहुल सिंह, नायब तहसीलदार मो0नं0-9452685599, इण्टर कालेज गोसन्देपुर, नोडल अधिकारी राहुल सिंह, नायब तहसीलदार मो0 नं0-9452685599, राममूरत महिला महाविद्यालय बड़सरा, नोडल अधिकारी अजय वर्मा, नायब तहसीलदार मो0नं0- 9415585033, तहसील मुहम्मदाबाद मे सेमरा प्राथमिक विद्यालय, नोडल अधिकारी विपिन चौरसिया, नायब तहसीलदार मो0नं0- 9773969919, तहसील जमानियॉ में शिवपूजन इण्टर कालेज, नोडल अधिकारी जितेन्द्र, नायब तहसीलदार मो0नं0- 6387111252, तहसील सैदपुर में जसवन्त राय स्मारक इ0का0 गोरखा, नोडल अधिकारी विजय कान्त पाण्डेय, नायब तहसीलदार मो0नं0-9454417084, तहसील सेवराई में नेहरू विद्यापीठ इण्टर कालेज रेवतीपुर एवं नौली इण्टर कालेज, नोडल अधिकारी पंकज कुमार, नायब तहसीलदार मो0नं0-7307962627 है। कन्ट्रोल रूम नं0- 0548, 2224041 एवं 9454417103 पर भी बाढ़ से सम्बन्धित सूचना दे सकते हैं

# विकासखंड जगदीशपुर में दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का किया गया आयोजन

**– कैंप में 141 दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण हेतु किया गया चिन्हित**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांगजन विभाग एवं एल्मिको (भारत सरकार का उपक्रम) जीटी रोड कानपुर नगर की ओर से आज विकासखंड जगदीशपुर में दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में कुल 141 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया, जिसमें मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल के 35, ट्राईसाईकिल के 41, व्हीलचेयर के 55, बैसाखी हेतु 10 तथा कुल 141 दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग /सहायक उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया।इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि विकासखंड तिलोई परिसर में 9 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक दिव्यांगजन चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथियों एवं विकासखंडों में अपने अभिलेखों यथा दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति तथा एक फोटो लेकर कैंप में उपस्थित होकर अपना चिन्हांकन करा लें जिससे उन्हें आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सके।

### जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगाठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन दिनांक 09 अगस्त को पूर्वान्ह 09.00 बजे से जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया जायेगा। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा काकोरी शहीदों के बलिदान से जुड़ी वीर गाथाओं पर चर्चा एवं प्रदर्शन तथा अन्य प्रस्तुतियों की जाएंगी, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जाएगी। शहीदों के पारिवारीजन/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पारिवारीजन/भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा।

# व्यापार प्रतिनिधिमंडल की अहम बैठक : बिजली-पानी, अतिक्रमण और स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर ।गुरुवार को युसुफपुर मुहम्मदाबाद, गाजीपुर के तहसील सभागार में व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक अहम बैठक आयोजित हुई।इस बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपू वर्मा ने की। बैठक में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार पाठक के साथ-साथ क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विरेन्द्र राव और चेयरमैन रईस अंसारी व विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल हुए।बैठक में नगर की कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा हुई। सबसे पहले, नगर में बिजली कटौती के समय पानी की सप्लाई बंद हो जाने की समस्या उठाई गई। यह बताया गया कि विशेष रूप से सावन के महीने में जब रोस्टिंग या अन्य कारणों से बिजली काटी जाती है, तो पानी की आपूर्ति भी रुक जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इसके बाद, नगर और बाजार में अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई।व्यापारियों और स्थानीय लोगों के लिए यह एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है। बैठक में अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। बिजली से संबंधित समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नगर में अक्सर बिजली कटौती होती है और कई स्थानों पर पुराने और जर्जर तारों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। व्यापारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई की अपील की। ट्रामा सेंटर मुहम्मदाबाद में डॉक्टरों की कमी भी एक बड़ा मुद्दा रहा।बैठक में यह कहा गया कि ट्रामा सेंटर में पर्याप्त डॉक्टर और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता। अधिकारियों से इस दिशा में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की गई।इसके अलावा, नगर की सड़कों की खराब स्थिति पर भी चर्चा हुई। ट्रामा सेंटर के बगल की सड़क समेत नगर की कई सड़कों की हालत बहुत खराब है, जिससे स्थानीय लोग और व्यापारी दोनों ही परेशान हैं।बैठक में अधिकारियों से इन सड़कों की मरम्मत के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई। इस बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपू वर्मा के अलावा, उपाध्यक्ष आमीर हमजा, रामजी गिरी, तन्हाई खान, कृष्ण अवतार, फैसल खान और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# वार्ड सदस्य उपचुनाव के लिए मतगणना संपन्न

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह



कुरारा,हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के भौली ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य उपचुनाव में वार्ड संख्या बारह के लिए मतगणना संपन्न हुई ।जिसमे रामबिहारी को 49 मत व रामखिलावन को 17 मत मिले। 1मतपत्र अनवेलिड निकला। अनीश कुमार मतगणना अधिकारी ने रामबिहारी को जीत का प्रमाण पत्र दिया। भौली ग्राम पंचायत में दस वार्ड सदस्य पद के लिए उपचुनाव होना था। जिसमे 9 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।जिनमे वार्ड नं एक से विनय कुमार मिश्रा,वार्ड दो से बंशीधर दिवेदी,वार्ड तीन से माया देवी,वार्ड चार से श्याम कुमारी,वार्ड पांच से रामखेलावन,वार्ड छ से योगेंद्र सिंह,वार्ड सात से रमन जीत सिंह,वार्ड आठ से शीला सिंह,वार्ड ग्यारह से ममता , निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।वही क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या बीस से एक गोल्डी पत्नी प्रवीण निषाद निर्विरोध निर्वाचित हुई है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**

डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब रेनी सीजन में हो बार-बार जुकाम-खांसी



**मेरी उम्र 27 वर्ष है। बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम-खांसी होती रहती है। दवाइयां लेने पर ठीक तो हो जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर हो जाती है। प्लीज परमानेंट उपचार बताएं।**

**-हर्ष, रोहतक**

लगता है आपको बारिश के मौसम में एलर्जी हो जाती है। यह समस्या काफी लोगों को होती है, जिससे बारिश होते ही सर्दी-जुकाम हो जाता है। इससे बचने के लिए आप जब भी घर से बाहर निकलें, मास्क लगाएं। इसके अलावा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आप विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल खाएं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने से इस तरह की समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-वीरेंद्र, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि बारिश के मौसम में आपको स्किन में इंफेक्शन हो जाता है। इससे आपको बचाव करना होगा। कोशिश करें कि जब बारिश हो रही हो, उस समय घर से बाहर ना निकलें। अगर घर से बाहर निकल रहे हैं तो ऐसे जूते पहनें जिससे आपके पैर पानी के संपर्क में ना आएं। जब कभी पानी से पैर गीले हो जाएं तो घर जाकर गर्म पानी से पैर को धुलकर सुखा लें फिर उसमें क्रीम लगाएं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के दिनों में मुझे स्किन पर ईचिंग होती है। साथ ही शरीर पर छोटे-छोटे लाल दाने भी निकल आते हैं। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस प्रॉब्लम को कैसे दूर करूं?**

**-आनंद, रायपुर**

आपने बताया कि बारिश के मौसम में दाने पड़ जाते हैं, ये दाने पानी वाले हैं या बगैर पानी वाले, यह आपने नहीं बताया। क्योंकि दोनों की वजह अलग-अलग होती है। आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, ईचिंग के लिए वह कुछ क्रीम लिख देंगे, जिससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। एक साल पहले मेरे पैर में हेयरलाइन-फ्रेक्चर हुआ था। मैंने कुछ समय बैंडेज बांधा फिर फिजियोथेरेपी करवाई। लेकिन अभी भी पैर में अकसर दर्द होता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हरीश, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र ज्यादा हो रही है, इस वजह से आपको दर्द की समस्या हो रही है। कुछ लोगों को फ्रेक्चर होने के कुछ समय बाद दर्द नहीं होता है लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या देखी जाती है। इसलिए आप फिजियोथेरेपी कराते रहें, इससे आपको पैर के दर्द से काफी आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है। मैं ठीक से बैलेंस नहीं बना पाता हूं, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-नवल किशोर, बलौदा बाजार**

आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि न्यूरो से संबंधित प्रॉब्लम हो सकती है। इसलिए आप इसे गंभीरता से लें और डॉक्टर से जल्द संपर्क कर ट्रीटमेंट शुरू करें, इसमें देर ना करें।

**बहुत से एक्सपर्ट्स बारिश के मौसम में हरी सब्जियां नहीं खाने की सलाह देते हैं। क्या ये मान्यता सही है? बारिश के दिनों में हमें हरी सब्जियां कैसे खानी चाहिए?**

**-सचिन, महेंद्रगढ़**

जी हां, यह बात सही है कि बारिश के मौसम में हरी सब्जी नहीं खानी चाहिए, क्योंकि इस मौसम में हरी सब्जियों में कीटाणु जल्दी लग जाते हैं और इसे रोकने के लिए इनमें कीटनाशक का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप घर में हरी सब्जी उगा रहे हैं तब तो खा सकते हैं लेकिन बाजार से लाई हरी सब्जियां नहीं खानी चाहिए। यह फायदे के बजाय नुकसान कर सकती है। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

हम में से कई लोग अकसर किसी काम में बिजी होने के कारण तो कभी आलस की वजह से यूरीन प्रेशर महसूस होने के बावजूद उसे पास नहीं करते, उसको रोके रखते हैं। ऐसा अकसर करना हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकता है, इससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल यूरीन प्रेशर को रोकना



अवेयरनेस

रेखा देशराज

बारिश और सर्दी के दिनों में जब बार-बार पेशाब लगती है यानी ब्लैडर पर यूरीन प्रेशर महसूस होता है तो ऐसे में हममें से कई लोग यूरीन पास करने जाने में आलस करते हैं। लंबे समय तक इसे रोक कर रखते हैं। कुछ लोगों में तो ऐसा करने की आदत ही होती है। डॉक्टरों का कहना है कि ना तो कभी पेशाब के वेग को रोकना चाहिए और ना ही पेशाब लगे तो करने में देर करना चाहिए वरना इससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

## हो सकती हैं कई प्रॉब्लम्स

- इसके कारण मूत्राशय में खिंचाव बढ़ जाता है।
- गुर्दे में पथरी बनने लगती है।
- मूत्रपथ का संक्रमण यानी यूटीआई हो सकता है।
- इससे शरीर में बैक्टीरिया के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बारिश के दिनों में ऐसा सबसे ज्यादा होता है, क्योंकि इन दिनों बैक्टीरिया का संक्रमण बहुत जल्दी होता है।
- अगर बारिश के दिनों में बार-बार पेशाब रोकी जाए तो इससे पेशाब के साथ खून आने की भी समस्या पैदा हो सकती है।



## किडनी पर पड़ता है बुरा असर

अगर आप यह दिखाने के लिए यूरीन प्रेशर रोकते हैं कि आपमें इसे लंबे समय तक रोकने की क्षमता है, तो यह ताकत ना दिखाएं। इससे गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। लंबे समय तक पेशाब रोकने से मूत्राशय में खिंचाव आ जाता है और कई बार यह फैल जाता है। इससे शरीर की समूची व्यवस्था में परेशानी हो सकती है और आप एक नहीं कई तरह की समस्याओं से घिर सकते हैं। किसी भी मौसम में पेशाब रोकना, किडनी को नुकसान पहुंचाना है, क्योंकि पेशाब रोकने से गुर्दों पर भारी दबाव पड़ता है और इससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। लंबे समय तक पेशाब रोकने से किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। कभी-कभार किसी आपत्ति-विपत्ति में पड़ गए हों और पेशाब रोकना बहुत मजबूरी हो तो एकाध बार ऐसा कर सकते हैं। लेकिन नियमित रूप से पेशाब रोकना, इसे अपनी शारीरिक क्षमता का जरिया बना देना सही नहीं है। इससे शरीर में अपने ही पेशाब से संक्रमण बढ़ने की आशंका रहती है। पेशाब के रास्ते में जलन पैदा हो जाती है और फिर बार-बार पेशाब आती है। यानी यूरीन फ्लो के प्रेशर को रोकना कई तरह की परेशानियां पैदा कर सकता है।


## ये भी हो सकती हैं समस्याएं

पेशाब वास्तव में शरीर से फिल्टर किया गया गंदा पानी होता है, इसे जितना जल्दी हो शरीर से बाहर कर देना चाहिए। अगर देर तक हम पेशाब को रोककर रखते हैं तो यह शरीर को ही नुकसान पहुंचाने लगता है। इससे हमारे शरीर का फिल्टर प्रोसेस खराब हो जाता है और किडनी से जुड़ी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कुछ लोग आदतन बिना किसी वजह से भी देर तक पेशाब रोके रखते हैं। ऐसा करने से पीठ, पेट के निचले हिस्से और पसलियों में दर्द होने लगता है। ज्यादा देर तक पेशाब रोकने से मूत्राशय की दीवारें कमजोर हो जाती हैं, जिससे ब्लैडर के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। चूंकि पेशाब में यूरिक एसिड और कैल्शियम ऑक्सलेट नामक मिनरल मौजूद होते हैं, इसलिए जब कोई व्यक्ति देर तक अपनी पेशाब रोककर रखता है तो ये दोनों चीजें मिलकर किडनी स्टोन बना देती हैं। इसलिए पेशाब जब भी लगे उसे जल्द पास आउट कर लें।

## जब बार-बार महसूस हो यूरीन प्रेशर

कुछ लोगों को जल्दी-जल्दी पेशाब करने जाना पड़ता है। अगर यह सामान्य दिनों से ज्यादा है, तो आपको सजग होना चाहिए और किसी यूरोलॉजिस्ट से कंसल्ट करना चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि आखिर बार-बार पेशाब क्यों आ रहा है? हालांकि बढ़ती उम्र में यानी 55-60 साल के बाद चाहे महिलाएं हों या पुरुष, उनको जल्दी-जल्दी पेशाब आने लगता है। यह सिर्फ उनकी शारीरिक समस्या की वजह से नहीं होता, कई बार इसकी वजह बिगड़ता पर्यावरण भी हो सकता है। बार-बार पेशाब आने के अनगिनत कारण हैं और हर कारण का रिश्ता कहीं न कहीं शरीर के स्वास्थ्य से है। इसलिए जैसे ही पेशाब संबंधी कोई समस्या महसूस हो, तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। इसकी अनदेखी इसे बड़ा बना सकती है। जिन सीनियर लोगों को बारिश और जाड़े के दिनों में दिनभर में 10 से 15 बार पेशाब करने जाना पड़ता है, तो यह उनके अंदर तेजी से पनप रही किसी बीमारी का लक्षण हो सकता है। *

## कभी नहीं रोकना चाहिए यूरीन प्रेशर



**यूरीन प्रेशर** रोकने के नुकसान के बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट **डॉ. सुमित गहलावत** कहते हैं, 'आजकल काम की व्यस्तता और भाग-दौड़ के चलते लोगों की यूरीन को लंबे समय तक रोकने की आदत शरीर पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती है। नियमित रूप से यूरीन रोकने से मूत्राशय की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, जिससे मूत्राशय की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इससे आपको बार-बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है या मूत्राशय में संक्रमण (यूटीआई) का खतरा बढ़ सकता है। इससे किडनी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मूत्राशय में लंबे समय तक पेशाब रोकने से किडनी में बैक्टीरिया के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, पेशाब रोकने से मूत्र में हार्मफुल एलिमेंट्स का जमाव भी बढ़ सकता है, जिससे पथरी बनने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए आवश्यक है कि आप यूरीन को लंबे समय तक ना रोकें और नियमित रूप से मूत्राशय को खाली करें। यह ना केवल यूरीन सिस्टम को स्वस्थ रखता है, बल्कि शरीर के कंप्लीट हेल्थ के लिए भी लाभकारी होता है। यूरीन से जुड़ी कोई भी समस्या महसूस हो तो लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।'

डाइट एडवाइस

डॉ. गीतिका चोपड़ा

डाइटिशियन, दिल्ली

# बारिश के मौसम में व्रत रखने के फायदे

बारिश का मौसम शुरू होते ही तीज-त्योहार भी शुरू हो जाते हैं। इस दौरान अनेक लोग पूजा-अर्चना करने के साथ व्रत-उपवास भी रखते हैं। इसमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल होते हैं। ध्यान रखें कि उपवास का मतलब, खुद को भूखा रखना नहीं होता है। इस दौरान थोड़ा-थोड़ा कई बार फलाहार खाते रहना चाहिए। व्रत के दौरान अपनी डाइट में ऐसे सुपरफूड्स को शामिल करना चाहिए, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देते हैं और पाचन में हल्के होते हैं। इसलिए उपवास में थोड़ा-थोड़ा, कई बार लेकिन हल्का भोजन करें। बारिश के मौसम में व्रत रखने से कई शारीरिक फायदे होते हैं।

**पाचन रहता है सही:** बारिश के महीनों में बरसात के कारण गर्मी के साथ उमस भी बढ़ जाती है। यह शरीर के डाइजेस्टिव सिस्टम को कमजोर कर देती है। इसकी वजह से पेट और आंत की समस्याएं होने लगती हैं। इस मौसम में अपच, पेट खराब होना, बदहजमी जैसी समस्याएं ज्यादा देखने को मिलती हैं। ऐसे में व्रत रखने से आपका गट यानी पाचन प्रक्रिया हेल्दी रहती है। व्रत रखने से आपका एसिड रिफ्लेक्स भी नियंत्रण में रहेगा, जिससे इस मौसम में होने वाली पेट संबंधी समस्याओं में आराम मिलेगा। आपकी ओवरईटिंग की आदत भी कम हो जाएगी और हेल्थ भी बेहतर होगा।



**होता है डिटॉक्सिफिकेशन:** बारिश के मौसम में व्रत रखने से मेटाबॉलिज्म भी बेहतर होने लगता है। इस दौरान सप्ताह में एक दिन व्रत रखना, पेट संबंधी समस्याओं से निजात पाने में लाभकारी है। व्रत रखने से शरीर में मौजूद अपशिष्ट और विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में बारिश के मौसम में प्रति सप्ताह या कुछ अंतराल पर व्रत रखकर आप अपने शरीर को डिटॉक्स कर सकते हैं।

**शुगर-ओबेसिटी रहे कंट्रोल:** बरसात के मौसम में नियमित व्रत रखते से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। बॉडी में इंसुलिन की कार्यक्षमता बेहतर होती है और ब्लड में ग्लूकोज की मात्रा भी नियंत्रित रहती है। शरीर की मेटाबॉलिक प्रक्रिया में सुधार होता है। इससे बॉडी में जमा एक्स्ट्रा फैट बर्न करने में मदद मिलती है। व्रत पूरी हेल्थ पर सकारात्मक असर डालता है। इससे मानसिक शांति भी मिलती है।

**व्रत के दौरान इनका करें सेवन:** व्रत के दौरान सात्विक भोजन का ही सेवन करना चाहिए। सात्विक आहार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। आप ताजे फल-सब्जियां, गाय का दूध, नट्स, दही, कंद, शहद आदि ले सकते हैं। इनके अलावा तरबूज, ककड़ी, नारियल पानी, ताजा हर्बल पेय जैसी चीजें ले सकते हैं। ये आपको हाइड्रेट और एनर्जेटिक रखेंगे। इस तरह आप बारिश के मौसम में व्रत रखते हुए सही आहार का सेवन करेंगे तो कई तरह की शारीरिक समस्याओं से बचे रहेंगे। *

**प्रस्तुति:सृजन अरोड़ा**

प्रिकॉशन

डॉ. नरेश कुमार

कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन

एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

बीते कुछ दिनों से गुजरात में चांदीपुरा वायरस के संक्रमण से कई बच्चे बीमार हुए हैं। अन्य राज्यों में भी इसके फैलने का रिस्क है। ऐसे में इससे बचाव के तरीके, प्रमुख लक्षण और जरूरी सावधानियों के बारे में आपको पता होना चाहिए।

# चांदीपुरा वायरस का संक्रमण है खतरनाक




पिछले कुछ समय से गुजरात में कई बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित होकर गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी इसके संक्रमण के कुछ मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में इसे लेकर एलर्ट जारी किया गया है। पिछले सप्ताह तक इसकी वजह से 66 बच्चों की डेथ भी हो चुकी है। यूं तो गुजरात में हर साल चांदीपुरा वायरस के मामले सामने आते हैं, लेकिन इस बार मामले तेजी से बढ़े हैं। 3-15 साल उम्र के बच्चे इसके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे बच्चों में इस वायरस के प्रति इम्यूनिटी विकसित नहीं होती है, जिसकी वजह से बच्चे इसकी चपेट में ज्यादा आते हैं।

**क्या है यह वायरस:** चांदीपुरा एक आरएनए वायरस है, जो एडीज इजिप्ट मच्छर और मादा फ्लेबोटोमाइन सैंड फ्लाई मक्खी के काटने से फैलता है। इसे फैलाने वाले मच्छर और सैंड फ्लाई पानी या नमी वाले स्थानों में पनपते हैं। जिनके काटने से वायरस व्यक्ति के शरीर में पहुंच जाते हैं। यह एक



न्यूरोट्रॉफिक बीमारी है, जिसमें वायरस संक्रमण से इंसेफ्लाइटिस ब्रेन डिजीज हो जाती है। यानी दिमाग के एक्टिव टिशूज में इंफ्लेमेशन या सूजन हो जाती है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की स्टडी के मुताबिक इलाज में जरा सी देरी और लापरवाही से वायरस से संक्रमित व्यक्ति की मौत हो जाती है।

**क्या हैं लक्षण:** आमतौर पर चांदीपुरा वायरस के लक्षण फ्लू जैसे- तेज बुखार और इंसेफ्लाइटिस दिमागी बुखार के समान होते हैं। ऐसे लक्षण किसी में दिखाई दें, तो तुरंत इलाज की जरूरत होती है। तेज बुखार के साथ उल्टी, दस्त, तेज सिरदर्द होना, मानसिक हालात और सोचने समझने की शक्ति में बदलाव, रोशनी से समस्या यानी फोटोफोबिया, गर्दन में अकड़न के साथ दौरे पड़ना भी इस वायरस संक्रमण के प्रमुख लक्षण हैं। कुछ मरीजों में सांस लेने में दिक्कत भी होती है।

**क्या है खतरा:** संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर यथाशीघ्र डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए क्योंकि चांदीपुरा वायरस का सेकेंडरी इंफेक्शन बेहद घातक होता है। इंसेफ्लाइटिस होने पर संक्रमण तेजी से बढ़ता है। इलाज नहीं मिलने से बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। 24 से 48 घंटे में मौत भी हो सकती है।

**उपचार:** मरीज की स्थिति के हिसाब से एसिंप्टोमैटिक उपचार किया जाता है। मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं। एक्सपर्ट की मानें तो फिलहाल चांदीपुरा वायरस का कोई सटीक इलाज या टीका मौजूद नहीं है। तुरंत इलाज ही इस घातक चांदीपुरा वायरस से जिंदगी बचाने का एकमात्र उपाय है।

**रखें सावधानी:** बच्चों को इसके संक्रमण से बचाने के लिए मच्छर और सैंड फ्लाई के काटने से बचाएं। बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाने के साथ मच्छरदानी लगाकर सुलाएं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए खान-पान का विशेष ध्यान रखें। हाइजीन का भी खास ख्याल रखें। संक्रमण की आशंका होने पर तुरंत मेडिकल जांच कराएं। घर और आस-पास के क्षेत्र में कीटनाशक स्प्रे करवाएं। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



नियमित तौर पर वज्रासन करने से कई तरह के शारीरिक लाभ होते हैं। इससे आपके नसों की कमजोरी दूर होती है, मसल्स पेन से राहत मिलती है और पाचन भी सही रहता है। इसे करने की विधि, इससे मिलने वाले लाभों और सावधानियों के बारे में जानिए।

# नसें बनाए मजबूत आसान-प्रभावी वज्रासन

नसें शरीर में मौजूद रक्तवाहिकाएं होती हैं, जो अंगों से रक्त को हमारे हृदय तक ले जाती हैं। कई बार एक्सरसाइज की कमी और खान-पान में असंतुलन के कारण हमारी नसें कमजोर हो जाती हैं। नसों के कमजोर होने से हम कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से घिर जाते हैं। इससे हम थोड़ी-थोड़ी देर में थक जाते हैं। जरा सा काम करते ही सांसें फूलने लगती हैं। रह-रह कर पैरों में झुनझुनी महसूस होने लगती है। सिर में अकसर दर्द रहने लगता है।

**नसें कमजोर होने के कारण:** ज्यादा टेंशन में रहने के कारण और खान-पान में संतुलन ना होने के कारण नसों में कमजोरी की समस्या पैदा होती है। कई बार ज्यादा काम करने या ज्यादा बैठे रहने के कारण भी नसें कमजोर हो जाती हैं। नसों की इस कमजोरी के चलते कई दूसरे अंगों में भी कमजोरी आने लगती है। इसलिए यह एक नहीं बल्कि कई सारी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती हैं। यूं तो नसों की इस कमजोरी को दूर करने के कई उपाय हैं, जिसमें शरीर में हार्मोन थेरेपी के साथ-साथ खान-पान में परिवर्तन करके नसों की कमजोरी को दूर किया जा सकता है। नसों की कमजोरी को कुछ आसनों के जरिए भी दूर कर सकते हैं।



**वज्रासन है कारगर:** अगर आप बद्धकोणासन या वज्रासन को नियमित रूप से सही तरीके से करें तो नसों की कमजोरी दूर हो जाती है। वज्रासन हमारे शरीर की कमजोर नसों को स्वस्थ बनाकर हमें कई तरह की तात्कालिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से तो छुटकारा दिलाता ही है, यह हमारे शरीर को दीर्घकालिक स्तर पर स्वस्थ रखने का एक सही उपाय भी है। वज्रासन से और भी कई महत्वपूर्ण फायदे होते हैं। यह दिमाग को शांत और स्थिर रखने में मददगार होता है। यह हमारे शरीर की पाचन क्षमता को बढ़ाता है। एसिडिटी और गैस प्रॉब्लम को कम करता है। घुटनों के दर्द, पीठ दर्द को दूर करने में भी यह बहुत कारगर है। इसे नियमित करने से जांघ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

**वज्रासन करने की विधि:** वज्रासन करने के लिए पहले योगा मैट पर घुटनों को मोड़कर पंजों के बल सीधे बैठ जाएं। बैठते समय ध्यान रखें कि दोनों पैरों के अंगूठे आपस में मिलने चाहिए और एड़ियों के बीच में थोड़ी दूरी होनी चाहिए। इस दौरान शरीर का सारा भार पैरों पर हो और दोनों हाथों को पैरों की जांघों पर रखें। वज्रासन करते समय हमारे शरीर का कमर से ऊपर का हिस्सा बिल्कुल सीधा होना चाहिए। थोड़ी देर तक इस मुद्रा में बैठें, जब तक आसानी से बैठना सहन हो रहा हो। जब बैठने में दिक्कत महसूस होने लगे तो जबरदस्ती नहीं बैठे रहना चाहिए बल्कि तुरंत अपनी आराम की मुद्रा में बैठ जाना चाहिए। हर दिन सुबह या शाम या दोनों वक्त वज्रासन करने से शरीर को बहुत फायदे होते हैं।

**कितनी देर करें वज्रासन:** एक बार वज्रासन की मुद्रा में बैठकर कम से कम 10 सेकेंड तक बैठे रहें, फिर जैसे-जैसे आपका अभ्यास बेहतर हो जाए तो इस 10 सेकेंड की समय सीमा को 20 सेकेंड तक ले जाएं। एक ऐसा भी वक्त आएगा जब आप 1 से 2 मिनट तक वज्रासन कर सकेंगे। भोजन के बाद 5 से 15 मिनट तक अगर वज्रासन किया जाए तो भोजन का पचना बहुत आसानी से हो जाता है। लेकिन दैनिक रूप में वज्रासन 1 से 3 मिनट तक ही करना चाहिए। वज्रासन में बहुत देर तक बैठे रहने पर पैर सुन्न हो जाते हैं और कई बार चक्कर आने लगता है।

**बरतें सावधानी:** जिन लोगों को जोड़ों में दर्द हो या गठिया की समस्या हो, उन लोगों को वज्रासन नहीं करना चाहिए। जिन्हें रीढ़ की हड्डी की समस्या हो, आंतों में अल्सर हो, हार्निया जैसी समस्या हो, उन्हें भी वज्रासन से बचना चाहिए। यदि बहुत थकावट महसूस हो रही हो, तो भी वज्रासन ना करें। बीमार होने पर, सर्जरी हुई हो, शरीर में मोच या फ्रेक्चर हो, तो भी इससे बचना चाहिए। *